2. Anago CR. The core HR Practices in the retail sector in Ireland andtheir role on Service Quality and the level of satisfaction and loyaltyfound in both Kalyan and Sirisha / Journal of Management Research and Analysis 2024;11(2):71–76
3. Anupa MP. Role of Human Resources Information System (Hris) inAccelerating Organizational Effectiveness - It Companies Perspective. Int J Manag Hum. 2021;5(6):22–5.
4. Boglind A. HR transformation and shared services: Adoption andadaptation in Swedish organisations. Personnel Rev. 2011;40:570–88.
5. Cassell C. Understanding inclusion in the retail industry:incorporating the majority perspective. Personnel Review. 2021;.
6. De Alwis A. The Influence of E-HRM on Modernizing the Role of HRM Context. Economies. 2022;10(8):

181.doi:10.3390/economies10080181.
7. Dilshad W, Bashir R. HR Practices and Job Satisfaction andEmployees' Motivation: A Case Study of a Non-Profit Organizationin Pakistan. Develo Econ: Microecon Issuee Develop Econ e J.2013;2(12):118–30.
8. Dubisetty S, Reddy S. The impact of human resource management(hrm) practices on employee satisfaction level and performance.Journal of Management and Science. 2022;.
9. Evans S. 2003.
10. Fitzgerald H. 2006.
11. Huda K, Nazmul. Strategic Human Resource Development Practices:An Empirical Study of Steel Manufacturing Industries of Bangladesh.International Management Review. 2014;10:24–24.
12. Imna M, Hassan Z. 2015.
13. Kaur G. Human Resource Management Inorganized Retail Industryin India. Journal of Emerging Technologies and Innovative Research.2019;.
14. Kaur S, Vijay R. Job Satisfaction - A Major Factor Behind Attritionor Retention in Retail Industry. Imperial journal of interdisciplinaryresearch. 2016;2.
15. Mondol E. The Impact of Block Chain and Smart Inventory System onSupply Chain Performance at Retail Industry. International Journalof Computations, Information and Manufacturing. 2021;.
16. Patil BS, Dr BS, Patil. 2018.
17. Saravanaraj M. A study on hr issues in retail outlets in Coimbatore.Journal of management science. 2012;1:91–102.

Table 7:Descriptive Statistics for Experience and Managers Setting Departmental Goals

Experience	N	Mean	Std. Deviation	Std. Error	95% Confidence Interval for Mean		Minimum	Maximum
					Lower Bound	Upper Bound		
0 to 2 yrs	47	1.0000	.00000	.00000	1.0000		1.00	1.00
2 to 4 yrs	41	1.0000	.00000	.00000	1.0000		1.00	1.00
4 to 6 yrs	12	1.1364	.39324	.12135	.6899		1.00	2.00
Total	**100**	3.1364	**.39324**	**.12135**	**2.6899**		**1.00**	**2.00**

Table 9: Descriptive Statistics for Experience and Philosophy on Training and Development

Experience	N	Mean	Std. Deviation	Std. Error	95% Confidence Interval for Mean		Minimum	Maximum
					Lower Bound	Upper Bound		
0 to 2 yrs	47	1.0417	.21936	.03769	.9776		1.00	2.00
2 to 4 yrs	41	1.0000	.00000	.00000	1.0000		1.00	1.00
4 to 6 yrs	12	1.3296	.63856	.18443	.8344		1.00	2.00
Total	**100**	**3.3713**	**.85792**	**.03004**	**1.0015**		**1.00**	**2.00**

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

EER-Energy-Efficient Routing In MANET with Max-Energy Node Selection and Average Path Energy Optimization

Deepti Chaturvedi* **Dr. B.L. Rai****

*M.Tech Scholar, Department Of Computer Science JNCT, Bhopal (M.P.) INDIA
** Associate Professor, Department Of Computer Science JNCT, Bhopal (M.P.) INDIA

Abstract : Power-efficient routing is a key challenge in flying ad hoc networks (FANETs), where unmanned aerial vehicles (UAVs) establish temporary links with nearby UAVs. These UAVs operate freely within their vicinity, collecting and transmitting data across the network. A major issue in FANETs is the high power consumption during data transmission, which limits the ability to recharge or replace power sources. Efficient power management is critical for extending both node and network lifespans, given the constrained battery capacity. Additionally, UAVs often face instability due to the unpredictable mobility of other nodes, and this limited power supply negatively impacts routing performance.

Keywords: MANET, Energy awarerouting, MAX Energy,Averageenergy, Reliable routing.

Introduction - In a Mobile Ad Hoc Network (MANET), each node autonomously establishes network connections, forwarding data packets on behalf of other nodes within the network. These networks can be deployed quickly without the need for wired base stations or fixed infrastructure. However, MANETs face several challenges, such as lower capacity, limited security, higher packet loss rates, increased delays, and greater jitter compared to fixed networks. A major issue in MANETs is that node activity is constrained by energy limitations, as the nodes are typically powered by batteries or other finite power sources. Battery depletion in nodes can significantly impact the network's overall performance, making energy conservation a crucial design consideration.

Since nodes in MANETs have limited battery life, excessive energy consumption can lead to early node failure, which disrupts communication. To address this, it is essential to balance the energy consumption across nodes, enhancing the network's energy efficiency. A proposed solution involves utilizing the energy status of each mobile node and identifying alternate paths for communication. This strategy can be integrated into any on-demand routing protocol to improve reliable packet delivery, especially in scenarios where nodes move and routes are frequently broken. Alternate routes are utilized only when data packets cannot be delivered through the primary route. As a case study, this approach has been applied to AODV, and its performance has been studied through simulations [1].Routing protocols [4] play a critical role in suggesting the most efficient path from source to destination for effective data transfer. For any application, factors such as node mobility and limited battery resources must be considered to achieve optimal network performance. It is particularly challenging to ensure reliable data delivery under mobile conditions while conserving node energy. Based on how routing protocols maintain route information, they can be categorized into Proactive, Reactive, and Hybrid types. Proactive protocols maintain all routes continuously, regardless of their current use. The rest of this paper is organized as follows: Section 2 presents the related work, Section 3 outlines the problem statement, Section 4 discusses the proposed scheme, Section 5 analyzes network behavior using Network Simulator-2 (NS-2), and finally, Section 6 concludes the paper with suggestions for future work.

Related Work: This section reviews the related work in the field, highlighting the efforts made by researchers. In one study [5], a novel method based on energy estimation is proposed to restore broken links and reconstruct paths. The research investigates the effect of broken links on topology control and the routing process in Ad Hoc networks, showing that these effects can be detrimental to various network portions. A hardware-based method for energy estimation in ad hoc nodes was employed due to its high speed. The study finds that broken links negatively impact both routing algorithms and topology control, potentially leading to network disruption. These disruptions can cause serious problems in data transfer and reduce network

efficiency. A strategy was proposed to prevent link breaks and network disruption by predicting and estimating the timing of link failures. In another study [6], several new routing and MAC layer protocols, along with various techniques, were introduced for wireless sensor networks (WSNs). These approaches aim to address the resource constraints in unattended wireless sensor environments. Many of these protocols focus on optimizing resource use to improve network performance. In [7], the research discusses how the M Channel group communication middleware for Mobile Ad Hoc Networks (MANETs) was enhanced to be both delay- and energy-aware. M Channel utilizes the Optimized Link State Routing (OLSR) protocol, which originally selects routes based on a hop-count metric using Dijkstra's algorithm. A new module was added to M Channel to enable unicast routing based on two alternative metrics: end-to-end delay and overall network lifetime. The study shows that with this module, network lifetime and average end-to-end delay are significantly improved compared to the original OLSR protocol.

The research in [8] proposes a new reliable protocol called Enhanced Power Control MAC Protocol (EPCMAC) for wireless ad hoc networks. The key concept of EPCMAC is to improve throughput and save energy by transmitting packets with optimal power. This approach promises better throughput and delay performance by utilizing spatial diversity effectively. The transmit power of data packets is periodically raised to a suitable level (but not the maximum) to avoid interference and reduce unnecessary contention between nodes.

Another study [9] introduces the Energy Efficient Location Aided Routing (EELAR) Protocol for MANETs, which is an enhancement of the Location Aided Routing (LAR) protocol. EELAR significantly reduces energy consumption in mobile nodes by limiting the area for route discovery to a smaller zone, which reduces control packet overhead. Simulation results using NS-2 demonstrate that EELAR improves control packet overhead and delivery ratio compared to AODV, LAR, and DSR protocols. The study concludes that EELAR successfully reduces energy consumption and prolongs the lifetime of mobile nodes.

In [10], the research focuses on energy conservation in heterogeneous MANETs, which consist of powerful nodes (P-nodes) and normal nodes (B-nodes). The study proposes a cross-layer designed framework called Device-Energy-Load Aware Relaying (DELAR), which aims to achieve energy conservation through power-aware routing, transmission scheduling, and power control. A multi-packet transmission scheme is also introduced to enhance end-to-end delay performance.

Lastly, the research in [11] introduces a new energy-aware routing protocol called EDSR, which is based on the Dynamic Source Routing (DSR) protocol. Simulations with NS-2 compare EDSR to the traditional DSR, showing that EDSR consumes less energy and offers larger link capacity. The analysis demonstrates that EDSR performs better than the classic DSR in terms of energy efficiency and network performance. Can save more energy, delay the network split. The EDSR routing which spends less energy and own larger link capacity, be synthetically analyzed and then selected, so it can save more energy, delay the network split**.**

In this research [12] have distinguished three families of energy efficient routing protocols. Few proposals especially focused on the design of routing protocols providing efficient power utilization are dealt in depth by [13]. The techniques are, Minimum Total Transmission Power Routing (MTPR), Minimum Battery Cost Routing (MBCR), Min-Max Battery Cost Routing (MMBCR), and Conditional Max- Min Battery Capacity Routing (CMMBCR). In addition to above techniques, minimum drain rate mechanism also needs to be considered for power saving. The drain rate is the rate at which energy gets dissipated at a given node. Each node monitors its energy consumption and maintains its battery power drain rate value during the given past interval.

In This paper [14] tried to make the OLSR energy efficient by making effective neighbor selection based on residual battery energy of a node and traffic conditions that influence the drain rate of the node in the network. We have considered the multipath and source routing concept for route selection and a route recovery technique to tackle mobility issue efficiently. Modifications make the protocol energy efficient and at the same time achieve balancing of network load.

Problem Statement: The problem of node failure is the major problem. The problem of node failure occur due to loss of energy, if node can loss their energy then it will do nothing in the network means it will be loss their communication capability their results in network partitioning, is serious in ad hoc networks.

Network portioning or suddenly loss of session is the problems that will be occur due to we are not known at what time nodes will goes to sleep mode. Those nodes which are loss there energy they are not being a part of network, but nodes having a capability to take part in communication having a sufficient energy to do communication in the network. Due to suddenly loss of session following problems are occurring:

1. Maximize the loss of packets.
2. Maximize the routing load.
3. Minimizes energy utilization

Proposed Work: Our proposed scheme, the Energy Efficient Depletion Routing Scheme, focuses on optimizing energy resource utilization in ad hoc wireless networks. The challenges and existing solutions highlight the need for energy-efficient routing in these networks.

This work addresses the issue of "sudden session loss" by employing a maximum energy concept to achieve energy-efficient routing. Nodes with energy levels below or

equal to a defined threshold are excluded from communication.

Additionally, the scheme calculates the average energy of all possible paths and selects the path with the highest average energy level. By preventing early battery depletion, the system adjusts energy levels to determine the appropriate energy state of each node. It also integrates low-power strategies into the protocols used across various layers of the protocol stack.

This proposed solution will significantly improve the following:

1. Maximizes energy utilization.
2. Reduces packet loss.
3. Reduces routing load

A. Algorithm for Maximum Energy Base routing Under MANET

Step 1: Create mobile node = N;
Step2: Set routing protocol = AODV; **// for Routing Protocol**
Step3: Set of N = { Vs, Vd, Vi, Vj, Vk, Vl, ... Vn} //Number of mobile node's
Step4: Set of Intermediate vertex or node's Vi, Vj, Vk, Vl, ...
Vn • N , but not
Step5: Set sender = Vs ; **// Vs • N**
Step6: Set Destination = Vd; **// Vd • N**
Step7: Initialize radio range = 550m;
Step8: Set MAC = 802.11 **//** WiFi Tecnology
Step9: Set initial energy of each node E = { es, ed, ei, ej, ek, el, ... en }
Step10: Compute Route (Vs, Vd, E, rr)
Step11:{if (radio-range <= rr && next-hop != Vd && E > 0)
{
Step12: If (path exist from Vs to Vi, && Vi **!=** Vd,) Increment pointer Vi as Vj and Vs as Vi Broadcast route packet to next hop
Step13: While (path exist from Vi to Vj && Vj != Vd)
{
Broadcast route packet to next hop Increment pointer Vi and Vj
Goto step 13;
}
Step14: If (Vj == Vd)
{
Create rtable in Vd Node Create energy table Vs-Vi-Vd
}
Step15: If (path > 1)
Step16:{ if (path Vsijd from S to D && path Vskld from S to D)
{
Create rtable Vs via path Vij to Vd Create energy table es via path eij to ed Create rtable Vs via path Vkl to Vd Create energy table es via path ekl to ed
}
Step17: Find min-energy (ei, ej) if ej energy minimum
Step18: Find min-energy (ek, el) if ek energy minimum
Step19: Find Max-eng (ej, ek)
Step20:{ if (ej
max-eng)
Select route Vs via path Vij to Vd
}
Step21: End
}

On the basis of proposed algorithm any node in the network are always select the nodes that has a maximum energy value. It means that it solves the problem of link breakages in network. The problem in normal energy efficient routing is that nodes in the network are not aware about the energy values of nodes. If the sender has selected the low energy value node which has not trustful for communication then in that case the session between the nodes are suddenly expire by that the huge amount of energy is wasted. But in this proposed algorithm these chances are negligible it means that sender are not do the normal routing in network it apply the maximum (MAX) energy selection method and ignores minimum (MIN) value of nodes in network. And if the path in between the sender and destination is established then also compare the energy value of alternative path and select the best one on the basis of MAX energy value.

Simulation Environment: A simulation is defined as the process of creating a model of a real system and performing experiments with that model to either understand the system's behavior or evaluate different strategies for its operation, adhering to specific criteria0150. In this research, modeling and simulation played a crucial role, involving the development and application of various simulation techniques using the Network Simulator 2 (NS-2). All simulation tests were carried out with this widely recognized simulator in the research community, employing different topologies and methodologies.

A. Simulation Parameters Used: Table 1 are represents the following simulation parameters to make the scenario of routing protocols. On the basis of these parameters the simulation has done in this work.

Table 1 Simulation Parameters

Simulator Used	NS-2.31
Number of nodes	10,30
Dimension of simulated area	800m×600m
Routing Protocol	AODV
Simulation time	100 sec.
Traffic type (TCP & UDP)	CBR (3pkts/s)
Packet size	512 bytes
Number of traffic connections	5,30
Node movement at maximum Speed	random (20 m/s)
Transmission range	250m
Transmission Energy Consumption	1.5 joules
Receiving Energy Consumption	1 joules
Idle Energy Consumption	.17joules
Sleep Energy Consumption	.047

B. Performance Evaluation: There are following different performance metrics [4] have been considered to make the comparative study of these routing protocols through simulation.

1) Routing overhead: This metric describes how many routing packets for route discovery and route maintenance need to be sent so as to propagate the data packets. The lower value of routing load are represents the better network performance.

2) Packet Delivery Ratio: The ratio between the amount of incoming data packets and actually received data packets. The higher value of PDR is represents the better performance.

3) Average Delay: This metric represents average end-to- end delay and indicates how long it took for a packet to travel from the source to the application layer of the destination. It is measured in seconds.

4) Remaining Energy Analysis: This metric represents the energy utilization of each node in network. The more remaining energy represents the higher energy efficient utilization.

C. PDR Analysis in case of without Average Energy and Average Energy Scheme: The Packet Delivery Fraction (PDF) analysis is represents the successful percentage of data received at destination. This graph is represents the packet percentage in case of proposed average energy path section MAX energy based routing and previous normal energy shortest path selection routing. Here this graph represents the slightly more PDF in normal energy based routing or without average energy based routing but the routing load in that case are more shown in figure 2. If the routing load in network are more it means energy consumption are more by that the life of nodes are lost early as compare to proposed. It means PDF value is good not show that the overall performance of network are also better. The better PDF represents the better performance.



Fig. 1Packet Delivery Ratio Analysis

D. Routing Packets Analysis in case of without Average Energy and Average Energy Scheme: Routing packets in network are required to established connection in between source and destination. First routing packets are established connection with destination if destination replies to sender by connection confirmation packet. The routing packets in network are consumes energy it means minimum number of routing packets are deliver maximum amount of data packets in efficient routing. In this graph in case of previous without energy based or normal shortest path routing with energy factor the routing load are more it means the problem of connection failure are occur more hereby that the more routing packets are required then energy also required for routing packets transmission and in proposed work the route has selected on the bases of maximum energy and path selection is based on average energy of path in between sender and receiver by that energy consumption are reduces and minimizes the routing overhead.



Fig.2 Routing load analysis

E. *Energy Depletion in case of Average Energy Scheme*

This graph represents the energy depletion of nodes in case of proposed scheme. In this graph we clearly notice the smooth depletion of energy from initial energy to energy remain in nodes after the end of simulation time. It means the proposed scheme based routing selection strategy are maintained the reliability in network.



Fig. 3 Nodes energy depletion in Average energy based routing

F. Energy Depletion in case of without Average Energy: This graph represents the energy depletion of mobile nodes in case of without average energy based scheme. Here we clearly visualized that the lot of variations in energy graph it proves that the normal shortest path selection routing with energy factor are not sure to provide reliable connection in network.



Fig. 4 Nodes energy depletion in without Average energy based routing

G. Nodes Remaining Energy Analysis in case of Previous and Proposed scheme: The remaining energy analysis of each node is discussed in table 2. Here the three column are represents the node number, remaining energy in without average case and remaining energy in case of average energy based path selection scheme. Here the remaining energy of nodes are represents the life time of network. In case of proposed scheme all nodes are secure their energy more as compare to normal energy scheme or previous scheme except node number 24, 29, 30. The entry of node energy 1,3,4,5 and 35 are written not consider means these energy in network are not utilizes for communication.

Table 1: Remaining Energy Analysis

Nodes	Node Energy Without Average	Node Energy With Average
0	10.216399	17.74694
1	1.90485	Not Consider
2	1.315566	14.18527
3	3.872496	Not consider
4	2.297087	Not consider
5	0.765903	Not consider
6	0.15649	12.19163
7	25.310699	20.8907
8	7.583608	10.16041
9	14.260953	19.48528
10	1.320336	14.2825
11	1.293378	20.67857
12	3.243234	10.09908
13	4.986916	10.52112
14	22.258056	24.60506
15	3.931185	9.999915
16	9.430502	24.57971
17	0.002004	9.995028
18	14.899458	35.50516
19	0.94109	9.993236
20	0.439222	10.00147
21	2.539103	15.43135
22	0.750769	9.994654
23	1.586133	14.91732
24	43.760524	33.70311
25	0.010526	9.996716
26	0.589155	21.70543
27	19.851297	10.01578
28	1.967195	26.671
29	36.247239	28.66886
30	22.871192	21.61472
31	0.075592	10.07274
32	9.315185	16.75454
33	23.721248	25.6697
34	0.002075	14.51893
35	1.861165	Not consider
36	0.876278	19.58919
37	5.650517	13.03849
38	29.617427	21.72932
39	0.427492	24.6721

Conclusion And Future Work: This table presents an overall analysis comparing the previous and proposed schemes. It is evident that the proposed average energy-based scheme enables a significantly higher number of packets to be transmitted across the network compared to the traditional routing method. The value of PDF are slightly low that also discuss Before but routing load and delay are definitely minimized which is the major unnecessary consumption of energy.

Table 2: Overall analysis

Parameters	Previous	Proposed
SEND=	5074.00	5532.00
E RECV =	5036.00	5472.00
ROUTINGPKTS=	2596.00	1254.00
PDF=	99.25	98.92
NRL=	0.52	0.23
Average e-e delay(ms)=	469.04	272.81

In future we apply this energy based scheme with location coordinated based routing and compare their performance with this research.

References:-

1. Taesoo Jun, Angela Dalton, Shree shankar Bodas, Christine Julien, and Sriram Vishwanath, “Expressive Analytical Model for Routing Protocols in Mobile Ad Hoc Networks”, IEEE international Conference on Communication, pp. 1-7, 2008.
2. X.Hong, K.Xu and Gerla, “Scalable Routing Protocols for MANET”, IEEE network, Vol. 16, pp. 11-21, 2002.
3. P. Sivasankar, C.Chellappan and S. Balaji, “Performance Evaluation of Energy Efficient On demand Routing Algorithms for MANET”, 2008 IEEE Region 10 Colloquium and the Third ICIIS, Kharagpur, INDIA, pp.

1-5, 2010.
4. Ajit Singh, Harshit Tiwari, Alok Vajpayee and Shiva Prakash, " A Survey of Energy Efficient Routing Protocols for Mobile Ad-hoc Networks", International Journal on Computer Science and Engineering (IJCSE), Vol. 02, No. 09, pp. 3111-3119,2010.
5. Peyman Arebi "A New Method for Restoration Broken Links in Wireless Ad-hoc Networks by Estimation Energy Consumption", IEEE Fourth International Conference on Computational Intelligence, Communication Systems and Networks, 2012.
6. Mansoor-uz-Zafar Dawood,Noor Zaman,Abdul Raouf Khan,Mohammad Salih "Designing of energy efficient routing protocol for Wireless Sensor Network (WSN) Using Location Aware (LA) Algorithm." Journal of Information & Communication Technology Vol. 3, No. 2, pp 56-70, 2009.
7. Nicola Costagliola · Pedro Garçia López · Francesco Oliviero · Simon Pietro Romano **"**Energy- and Delay-Efficient Routing in Mobile Ad Hoc Networks", Springer Science Business Media, LLC, 23 July 2011.
8. Sofy Harold And A. Vija Y Alakshmi "Enhanced Power Control MAC Protocol for Wireless Ad Hoc Networks", ICCSP, 978-1-4673- 1622-4/12/, IEEE-2012.
9. Mohammad A. Mikki **"**Energy Efficient Location Aided Routing Protocol for Wireless MANETs",(IJCSIS) International Journal of Computer Science and Information Security Vol. 4, No. 1 & 2, 2009.
10. Wei Liu, Chi Zhang, Guoliang Yao and Yuguang Fang," DELAR: A Device-Energy-Load Aware Relaying Framework for Heterogeneous Mobile Ad Hoc Networks", IEEE-Journal On Selected Areas In Communications, Vol. 29, No. 8, September 2011.
11. Nini Wei,Yi Song "An Energy-Aware Routing Strategy Based on Dynamic Priority Factor in Ad Hoc Networks",2011 International Conference of Information Technology, Computer Engineering and Management Sciences, pp.6-11 IEEE, 2011.
12. Ajina A, "Energy Efficient, Power Aware Routing Algorithm for Sensor Network". International Journal of Computer Theory and Engineering, Vol.3, No.1.1793-8201, February-2011.
13. Saoucene Mahfoudh and Pascale Minet," An energy efficient routing based on OLSR in wireless ad hoc and sensor networks", 22nd International Conference on Advanced Information Networking and Applications Workshops IEEE Computer Society, pp. 1253-1259, 2010.
14. Radhika D. Joshi and Priti P.Rege "Verification Of Energy Efficient Optimized Link State Routing Protocol Using Petri Net "International Journal of Wireless & Mobile Networks (IJWMN) Vol. 3, No. 4, August 2011.
15. K Fall and K. Varadhan, The NS Manual, November 18, 2010, available on http://www.isi.edu/nsnam/ns/doc/ns_doc.pdf. 25 July 2010.
16. A. K. Sharma and P. K. Gupta, "Path Indexed Energy Efficient MANET Routing Protocol (PiEER)," International Journal of Advanced Research in Computer Science and Software Engineering, vol. 5, no. 6, pp. 62-66, June 2015. [Online]. Available: https://www.ijarcsse.com/docs/papers/Volume_5/6_June 2015/V5I6-0062.pdf.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अमरकांत के उपन्यास साहित्य में चित्रित स्त्री की समस्याएँ

स्मिता मिठोरा* डॉ. वंदना अग्निहोत्री**

* शोधार्थी (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत – कर्मभूमि, वेदभूमि है। सदियो से हम वेदो का पालन, उपनिषदों के अनुसार आचरण और प्राचीन मान्यताओ को सुरक्षित रूप से मानते आये हैं। जैसे अतिथि सत्कार, स्त्री के प्रति आदर भाव कर्मकांडो पर विश्वास, धर्मनिष्ठता आध्यात्मिक परंपराओ के अनुसार गतिविधियो को पालन करते रहे है। विशेष रूप से इस धरती पर स्त्री को साक्षात् देवी के रुप मे ऊँचा स्थान प्रदान किया गया था । प्रकृति स्वरूपा नारी को कभी ज्ञानदायिनी (सरस्वती), भाग्यदायिनी (लक्ष्मी) और कभी प्रचंड शक्ति के रूप में (महाकाली) पूजते आये हैं। नारी के प्रति हमारी यह धारणा रही है। 'यत्रनार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जहाँ स्त्री की पूजा होती है वहाँ देवतागण निवास करते हैं। वैदिक काल में स्त्री को केवल मान–सम्मान ही नहीं दिया जाता था बल्कि पुरुषों के साथ समान रूप से उनका महत्व माना जाता था।

वे मूल्य अब नहीं रहे, जो मानवता और पवित्र जीवन जीने के लिए मदद्गार थे । धीरे–धीरे समाज में कुतंत्र, स्वार्थ, अन्याय, अनाचार का विष फैलने लगा । समाज में केवल धोखाधड़ी से ही बहुत लोगो के दिन गुजरते हैं। समाज की ऐसी परिस्थितियों में नारी की क्या हालत होती है और उसे समाज कितनी हीन स्थिति में पहुंचा चुका है यह सोचनीय विचार है। जहाँ स्त्री का मान–सम्मान था वही पर स्त्री को संकुचित भाव से देखना, उस पर अत्याचार करना आरंभ हो गया। स्त्री एक तरफ ऊँचे आदर्शो से युक्त मानी गयी तो दूसरी तरफ कुलटा, व्यभिचारिणी, कुलनाशनी, बदचलन जैसी अपमान जनक उपाधियों से नवाजा गया। उपन्यासकार अमरकांत अपने साहित्य में स्त्रियो की हालत सुधारने का बहुत प्रयत्न करते हैं। उनके साहित्य मे मध्यवर्गो और निस्सहाय स्त्रियो का संघर्ष एवं मौन वेदना दिखाई पड़ती है। इनके साहित्य मे स्त्री हर परिस्थितियो का सामना करते हुए अपना अस्तित्व सँभालने में सक्षम है, यह संदेश दिया गया है। आखिर एक सफल साहित्यकार का कर्तव्य यह होता है कि समाज में कमियों को सुधारने का मार्ग सुगम बनाये । अमरकांत ने भी उस दिशा मे सफलता हासिल की है।

समाज में अकेली औरत का कोई अस्तित्व नहीं रहा। क्योंकि समाज केवल उन स्त्रियो के लिए हैं जो पति या पुत्र के संरक्षण में रहती है। परित्यक्ता स्त्री की हालत इस समाज मे गली के जनावर से भी बदत्तर थी। अमरकांत के उपन्यास 'सुन्नर पांडे की पतोह' मे एक पति परित्यक्ता स्त्री की हालत और उस पर समाज की दृष्टि को स्पष्ट किया गया है। कहानी के एक संदर्भ पर सुन्नर पांडे की पतोह का पति झुल्लन पांडे पत्नी को छोड़कर साधु– सन्यासियो मे मिल जाता है। यह कहानी वहाँ के मोहल्ले में हर किसी को मालूम थी। फिर भी इसके बारे मे सब अपनी–अपनी कहानी रचने लगते हैं। अनेक शंकाओ से बात को उल्टा–सीधा समझना ही एक लक्ष्य बन गया था। 'सुन्नर पाडे की पतोह' मे राजलक्ष्मी का संघर्ष उसके जीवन का हिस्सा है। हर कदम पर अपने साथ गुजरती, हर परिस्थिति के साथ एक साधारण महिला किस तरह जीवन काटती है, अमरकांत जी ने सजीवता से चित्रित करते हुए समाज को जागृत करने का प्रयास किया है। 'एक निस्सहाय औरत को एक तरफ समाज की बुरी चिंतन, दूसरी तरफ कामांधो की दृष्टि से बचना बहुत ही मुश्किल बन जाता है। औरत अकेली है तो समाज को मौका मिलता है उसे जाँचने–परखने का और तरह–तरह की शंकाओं से सताने का, स्त्री जिस समाज मे रहती है उस समाज से वह रक्षा नहीं कर पाती बल्कि भक्षण का शिकार हो रही है।' [1]

स्त्री की समस्याएँ वैवाहिक जीवन से नहीं तभी से शुरू हो जाती है जब वे यौवनावस्था में पैर रखती है। निस्सहाय और बेसहारा स्त्रियो पर बुरे विचार रखना या बुरी हरकते करना पुरुषों के लिए एक साधारण विषय बन चुका है। इस विषय से विचलित होकर अमरकांत जी अपनी रचनाओ से अपना दु:ख व्यक्त करते है और समाज पर तीखे प्रहार भी करते हैं। अमरकांत के उपन्यास 'ग्रामसेविका' में दमयन्ती के प्रति प्रधानजी का व्यवहार बहुत ही घटिया था। दमयन्ती जैसी जवान लड़कियो को देखकर उसके मुँह में पानी भर आता है। किसी तरह उसे पाने के लिए वह बहुत उतावला हो जाता है। कभी दमयन्ती के बेसहारा होने के कारण दबाव बनाता है तो कभी चोर–डाकुओ की कहानियों से डराना चाहता है। स्त्री के प्रति अपनी घटिया मानसिकता इस तरह प्रकट करता है, 'अरे, औरत की भी कोई इज्जत होती है? औरत बनी है मर्द के लिए। डर नहीं है, डर नहीं है। अगर रात बारह बजे उसको अपने घर नहीं बुलवाया तो मेरा नाम विचित्र नारायण दुबे नहीं।.... '[2]

इस संदर्भ से लेखक ने यही संदेश दिया है कि स्त्री को हमेशा सतर्क रहना है, क्योंकि यह समाज पुरुष प्रधान हैं। यह समाज सिर्फ और सिर्फ पुरुषों के लिए ही है, इसीलिए सारे नीति–नियमो की जिम्मेदारियाँ केवल स्त्री पर ही लागू है। पुरुष अपने नीति नियमो को तोडकर स्त्री पर मन–मर्जी चलाने मे थोडे भी हिचकते नहीं समाज ऐसे कीचको के लिए भी कुछ नहीं करता जो स्त्रियों के साथ मनमानी करते हैं।

भारतीय समाज में स्त्री के लिए पति प्रत्यक्ष देवता है। वह कभी अपने मर्द के खिलाफ नहीं सोचती है, चाहे वह असमर्थ हो या आवारा हो । उसके लिए सर्वस्व समर्पित कर देती है। स्त्री अपना धर्म मानकर ऐसा आचरण करती है। परन्तु यही आचार–विचार धीरे–धीरे समाज में नारी पर संकीर्ण

विचारों का शुरूवात है। अमरकांत के उपन्यास 'काले उजले दिन' एक मध्यवर्गीय पाबन्दियो से जकड़ी एक जवान लड़की की कहानी है। उपन्यास के कथानायक बचपन से ही विमाता होने के कारण कठिनाईयो का सामना करता है। युवावस्था में माता–पिता उसके मन मुताबिक शादी कर देते है। शादी के पहले दिन ही पत्नी को देखकर वह उदास हो जाता है क्योकि कांती पढ़ाई और आधुनिक तौर–तरीको से बिल्कुल अनजान थी । उसकी सूरत भी उतनी आर्कषक नहीं थी। परन्तु वह सुशील, सदाचारी और निर्मल स्वभाव की रहती है। अपने पति आत्मसमर्पण की भावना से कहती है कि – 'मैं अपने भाग्य से बहुत खुश हूँ। भगवान ऐसा भाग्य हर स्त्री को है। देखिए न, मुझमे क्या है? न मैं खूबसूरत हूँ और न मुझमे कोई गुण है। फिर भी आप जैसा पति मुझे मिला है। ऐसी खुश किस्मत कौन होगी ?....'[3] इस तरह कांती अपने पति के प्रति आत्मसमर्पण की भावना रखती है तो कथानायक उस प्यार की उपेक्षा करके अन्य स्त्री के लिए लालायित होता है। उसे धोखा देता है।

अमरकांत जी अपनी सारी रचनाओ में स्त्री संबंधित संघर्ष पर और समाज की संकीर्ण दृष्टि पर व्यथित होकर समाज के रवैये में बदलाव लाने के लिए प्रयत्नशील रहे है। आज की दुनिया में स्त्री इतनी चेतना संपन्न हुई है कि वह अपने जीवन का निर्णय स्वयं लेने लगे । उपन्यासकार अमरकांत सामाजिक चेतना का असली अर्थ यही समझाते है कि नारी अपने आप में नूतन शक्ति बनकर इस समाज के विरुद्ध लड़े। ऐसा करना ही समाज के लिए कल्याणकारी हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अमरकांत – सुन्नर पांडे की पतोह, पृ सं. 54
2. अमरकांत, ग्रामसेविका, प्र सं – 5
3. अमरकांत, काले उजले दिन, पृ सं – 162, 163

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

हजारी प्रसाद द्विवेदी : मानवीय एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण

श्रीमती पूनम सिंह*

* असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी) करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (1907–1979) मूलत: साहित्येतिहास के शोधकर्त्ता एवं आलोचक हैं। उन्होंने उपन्यास, ललित निबंध के साथ ही साथ सम्पादक का भी कार्य किया। आचार्य हजारी प्रसाद की आलोचक दृष्टि उत्कृष्ट कोटि की है। वे बहुआयामी प्रतिभा से सम्पन्न थे। आचार्य द्विवेदी के हिन्दी साहित्य के इतिहास से संबंधित पुस्तकें हैं– 'हिन्दी साहित्य की भूमिका', 'हिन्दी साहित्य : उद्भव एवं विकास' तथा 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल।' हिन्दी साहित्य के इतिहास पर आचार्य शुक्ल के बाद यदि किसी अन्य विद्वान् की मान्यताओं को नतमस्तक होकर स्वीकार किया जाता है तो वे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ही हैं। उन्होंने अपनी शोध दृष्टि से सांस्कृतिक धरोहर को मूल्यवान चेतना प्रदान की। द्विवेदी भारतीय संस्कृति के पोषक हैं। उन्होंने शुक्ल जी की मान्यताओं का खण्डन किया है। शुक्ल जी 'आदिकाल' को 'वीरगाथा काल' कहने के पक्ष में थे जबकि 'आदिकाल' वीर काव्य के साथ धार्मिक एवं श्रृंगार के भी काव्य रचित थे। द्विवेदी जी अपनी शोधक दृष्टि से शुक्ल के 'वीरगाथा काल' कहने वाले ग्रन्थों पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया। शुक्ल जी भक्ति का उदय इस्लाम से मानते थे, द्विवेदी जी इसका भी खण्डन करते हैं।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार– 'देश में मुसलमानों का राज्य प्रतिष्ठित हो जाने पर हिन्दू जनता के हृदय में गौरव, गर्व और उत्साह के लिए वह अवकाश न रह गया।..... अपने पौरुष से हताश जाति के लिए भगवान् की शक्ति और करुणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था।'

आचार्य शुक्ल 'भक्ति' को इस्लाम से आया हुआ मान लेते हैं। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भक्ति को न तो इस्लाम से आया हुआ मानते हैं और न ही पराश्रित मनोवृत्ति का ही परिणाम मानते हैं। इनके अनुसार– 'मैं इस्लाम के महत्व को भूल नहीं रहा हूँ लेकिन जोर देकर कहना चाहता हूँ कि अगर इस्लाम नहीं आया होता तो भी इस साहित्य का बाहर आना वैसा ही होता जैसा आज है।' आचार्य द्विवेदी जी के सार्थक एवं प्रामाणिक शोध का ही परिणाम है कि उन्होंने धार्मिक सम्प्रदाय जैसे– सिद्ध सम्प्रदाय, नाथ सम्प्रदाय एवं जैन सम्प्रदाय को प्रतिष्ठापित किया। उन्होंने शोधपरक दृष्टि से सिद्ध किया कि हिन्दी सन्त काव्य पूर्ववर्ती नाथ, सिद्ध साहित्य का सहज विकसित रूप है। सिद्धों और नाथों के भक्ति–भावना को सन्त काव्य में स्पष्ट देखा जा सकता है। सूफी काव्य भी ईरानी साहित्य से प्रभावित न होकर अपितु संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश की काव्य परम्पराओं पर आधारित है। संस्कृत हिन्दी की जननी भाषा है। हिन्दी की विकास परम्परा संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं अपभ्रंश ही है। आचार्य द्विवेदी जी ने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से भारत की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करने का सफल प्रयास किया। उनकी दृष्टि भारतीय संस्कृति के पोषक सिद्धान्त पर है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंध उनकी सांस्कृतिक पक्ष को सबसे अधिक बलवती बनाते हैं। उनके निबंध संग्रहों में प्रमुख हैं– अशोक के फूल, कल्पलता, कुटज, विचार और वितर्क, आलोक पर्व, विचार–प्रवाह इत्यादि। आचार्य द्विवेदी का निबंध क्षेत्र बहुत ही व्यापक एवं विस्तृत है। उनका निबंध सांस्कृतिक चिन्तन की गम्भीरता का प्रमाण है। द्विवेदी जी के निबंधों में मानव–कल्याण की भावना सर्वत्र विद्यमान है। द्विवेदी जी सांस्कृतिक निबंधों में भारतीय संस्कृति के व्यापक धरातल को दिखाया गया है। इसमें अतीत की भावभूमि को वर्तमान धरातल पर प्रतिष्ठित किया गया है। द्विवेदी जी को भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधि निबंधकार माना जाता है। भारतीय संस्कृति को अभिव्यक्ति देने वालों में आचार्य द्विवेदी का नाम सर्वोपरि है। उनके निबंधों में भारतीय संस्कृति एवं धर्म का विवेचन विपुल मात्रा में किया गया है। द्विवेदी जी संस्कृत साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान् थे किन्तु तब भी उनकी दृष्टि मानव धर्म को पोषित करने वाले सिद्धांतों पर केन्द्रित थी। वे स्पष्ट रूप से व्याख्यायित करते हैं कि– 'सभ्यता का आन्तरिक प्रभाव संस्कृति है। सभ्यता समाज की बाह्य व्यवस्थाओं का नाम है, संस्कृति व्यक्ति के अन्तर विकास का।' आचार्य द्विवेदी जी के सांस्कृतिक निबंधो में प्रमुख हैं– 'सभ्यता और संस्कृति, संस्कृति और साहित्य, भारतीय संस्कृति की देन, हम सौ वर्ष कैसे जियें, भारतवर्ष की सांस्कृतिक समस्या, भारतीय फलित ज्योतिष, हमारी संस्कृति और साहित्य का संबंध, भारतीय संस्कृति के मूल स्रोत, जीवेम शरद: शतम् प्राचनी भारत की सामाजिक एवं दार्शनिक पृष्ठभूमि' इत्यादि हैं। इन निबंधों में भारतीय संस्कृति के सार्थक पक्षों के साथ ही साथ सांस्कृतिक पक्षों को भी वृहद रूप से उजागर किया गया है। मनुष्य की श्रेष्ठ साधनाएँ ही संस्कृति हैं। द्विवेदी जी के निबंध संस्कृत साहित्य के गम्भीर एवं चिन्तन पक्ष को प्रकट करते हैं। आचार्य द्विवेदी का मानव विषय पर आधारित दार्शनिक विषयक मन्तव्य दृष्टिगोचर है– 'हमारे दो रूप हैं। एक चिन्मय रूप दूसरा मृण्मय रूप। चिन्मय चैतन्य है, मृण्मय का अर्थ मिट्टी का अर्थात् जड़। जड़ता नीचे की ओर खींचती है। चैतन्य जड़ता के गुरुत्वाकर्षण को नहीं मानता। छोटा सा तृणांकुर धरती के सारे गुरुत्वाकर्षण को अभिभूत करके सिर ऊपर उठाकर खड़ा हो जाता है। नैतिकता चेतना का धर्म है। अनैतिकता उसका अभाव।' द्विवेदी जी नैतिक मूल्यों को चेतना का प्रतीक मानते हैं।

आचार्य द्विवेदी ने मानव धर्म की अवधारणा को विश्व कवि रवीन्द्र से ग्रहण किया है। द्विवेदी जी के मानवतावाद में रवीन्द्रनाथ टैगोर की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना छिपी हुई है। द्विवेदी जी मानव को देवता से भी ऊँचा स्थान देते हैं। वे कहते हैं कि– 'मनुष्य क्षमा कर सकता है, देवता नहीं कर सकता। मनुष्य हृदय से लाचार है, देवता नियम का कठोर प्रवर्त्तयिता है। मनुष्य नियम से विचलित हो जाता है, पर देवता की कुटिल भृकुटि नियम की निरन्तर रखवाली करती है। मनुष्य इसलिए बड़ा होता है कि वह गलती कर सकता है, देवता इसलिए बड़ा है कि वह नियम का नियन्ता है।' द्विवेदी जी के साहित्य में मानवतावाद सर्वत्र विद्यमान है। वे अपने साहित्य में आधुनिक मानवता के साथ–साथ मध्ययुगीन मानव संस्कृति एवं सभ्यता का सामंजस्य दिखाना चाहते हैं। उनके अनुसार– 'आधुनिक युग के मानवतावाद के साथ मध्य युग के उस मानवतावाद को भुला नहीं देना चाहिए जिसमें किसी न किसी रूप में यह स्वीकार किया गया है कि मानव जन्म दुर्लभ है और भगवान् अपनी सर्वोत्तम लीलाओं का विस्तार नर रूप धारण करके ही करते हैं। नवीन मानवतावाद की सबसे बड़ी बात है, उसकी ऐहिक दृष्टि और मनुष्य के मूल्य और महत्तव की मर्यादा का बोध।' वे मानव धर्म को सर्वश्रेष्ठ धर्म मानते थे।'

आचार्य द्विवेदी के साहित्य में भारतीय संस्कृति का जीवन्त चित्रण विद्यमान है। उन्होंने बार–बार उद्घोषित किया है कि 'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है।' उनका सम्पूर्ण साहित्य मानवतावाद से परिपूर्ण है। वे मनुष्यता विरूद्ध किसी धर्म को नहीं मानते। वह ऐसे ग्रन्थ, रचना को श्रेष्ठ नहीं मानते जो मनुष्य को मनुष्य बनने में बाधक सिद्ध हो। उन्होंने साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का अभियोग किया है। वे कहते हैं कि– 'मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्षपाती हूँ। जो वाग्जाल मनुष्य को दुर्गति, हीनता और परमसुखापेक्षिता से बचा न सके, जो उसकी आत्मा को तेजोदीप्त न बना सके, जो उसके हृदय को परदु:खकातर और संवेदनशील न बना सके उसे साहित्य कहने में मुझे संकोच होता है।' स्पष्ट है कि द्विवेदी जी ऐसे ही साहित्य को उत्तम मानते हैं जो मनुष्यता का उत्साहवर्द्धक हो। मनुष्य को गलत दिशा देने वाला साहित्य, साहित्य की कोटि में नहीं आता।

द्विवेदी जी अन्यत्र भी कहते हैं– 'वह शास्त्र, वह रसग्रन्थ, वह कला, वह नृत्य, वह राजनीति, वह समाज सुधार और पूजा पार्वण जंजाल मात्र है, जिससे मनुष्यता का भला न होता हो।' द्विवेदी जी ने अपने सांस्कृतिक निबंधों द्वारा नव–निर्माण का संदेश दिया है। वे अंधविश्वास, वाह्याडंबर पर आधारित ढकोसलों को मान्यता नहीं देते। वे ऐसी संस्कृति को महत्त्व देते हैं जो विश्वबन्धुत्व की भावना से प्रेरित हो, जिसमें मानव–कल्याण की भावना निहित हो। सांस्कृतिक पक्ष उनका कहीं भी संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित नहीं होता। द्विवेदी सांस्कृतिक पक्ष का विकास ऐतिहासिक पक्ष को भली–भाँति देखकर उसके अन्तर्गत निहित विकास–परम्परा के आधार पर करते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति का गहन अध्ययन–विश्लेषण किया है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने भारतीय संस्कृति और परम्पराओं का आधुनिक परिवेश में समन्वयात्मक रूप प्रस्तुत किया। उन्होंने भौतिकता–आध्यात्मिकता, जड़–चेतन, प्रवृत्ति–निवृत्ति, प्रेम–श्रेय, प्रेम–त्याग का अद्भुत समन्वयात्मक रूप प्रस्तुत किया। द्विवेदी जी विभिन्न विरोधों एवं विविध मान्यताओं के समन्वय को ही मूलप्रवृत्ति का द्योतक माना है। आचार्य द्विवेदी जी ने स्पष्ट लिखा है– 'मैं संस्कृति को किसी देश विशेष या जाति विशेष की अपनी मौलिकता नहीं मानता। मेरे विचार से सारे संसार के मनुष्यों की एक ही सामान्य मानव संस्कृति हो सकती है।' द्विवेदी जी का मानना है कि अगर सभी मनुष्य अभेदता को मिटाकर एक ही संस्कृति को अपना ले तो संसार में भेद–भाव मिट जायेगा। सभी मनुष्य प्रेमपूर्वक रहने लगेंगे, उनमें कोई झगड़ा–लड़ाई नहीं रह जायेगा। द्विवेदी जी भेद–भाव, ईर्ष्या–द्वेष, युद्ध–संघर्ष से रहित होकर व्यवस्थित रूप से एकरूपता में बंधने की प्रक्रिया को सौन्दर्य के अन्तर्गत देखा है। तभी तो वे कहते हैं कि– 'सौन्दर्य सामंजस्य में होता है।'

भारतीय संस्कृति में मानव–प्रेम, प्रकृति प्रेम के साथ मातृभूमि की भावना भी निहित है। भारतीय संस्कृति में कर्म–बल की प्रधानता है। मनुष्य के कर्म में ही फल की आकांक्षा स्थित रहती है। सभी मनुष्यों को अपने कर्म का फल अवश्य मिलता है। अच्छे कर्मों का फल अच्छा तो बुरे कर्मों का फल बुरा। द्विवेदी जी ने 'भारतवर्ष की सांस्कृतिक समस्या' को स्पष्ट करते हुए लिखा है– 'संस्कृति मनुष्य की विविध साधानाओं की सर्वोत्तम परिणति है। धर्म के समान वह भी अविरोधी वस्तु है। वह समस्त दृश्यमान विरोधों में सामंजस्य स्थापित करती है। भारतीय जनता की विविध साधनाओं की सबसे सुन्दर परिणति को ही भारतीय संस्कृति कहा जा सकता है।' द्विवेदी जी की दृष्टि यथार्थ और आदर्श का समन्वय करती है। वह यथार्थ पृष्ठभूमि पर आदर्शवाद के साथ चलते हुए मानव–कल्याण को ही सर्वोपरि मानते हैं। भारतीय संस्कृति की पुरानी परम्पराओं के साथ चलते हुए उसे आधुनिक युग की भाव–भूमि पर प्रतिष्ठित करते हैं। 'प्राचीन संस्कृतियों के आधार पर नवीन मूल्यों का निर्माण करना' द्विवेदी जी की सबसे महत्त्वपूर्ण उपलब्धि रही है। उन्होंने अपनी संस्कृतियों एवं परम्पराओं का त्याग कहीं भी नहीं किया। संस्कृतियों एवं परम्पराओं को साथ लेकर ही उन्होंने अपने साहित्य का सृजन किया।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के साहित्य की सबसे महत्त्वपूर्ण देन मानव–कल्याण की भावना है। वे लिखते हैं कि– 'मनुष्य जितना ही अधिक मनुष्य होता है उतना ही अधिक वह दूसरों के साथ अपना तादात्म्य स्थापित कर सकता है और इसके अन्तिम तर्कसंगत परिणाम तक ले जाया जाये तो कह सकते हैं कि एकत्व की अनुभूति ही मनुष्य की चरम मनुष्यता है।' द्विवेदी जी मनुष्य के क्रियाशील व्यक्तित्त्व को महत्तव देते हैं। मनुष्य के सुख–सुविधा का आधार कर्म होता है। यह कर्म जब दूसरे मनुष्य की भलाई में लगाया जाता है तो यह मानसिक संतुष्टि देता है। मनुष्य जन्म लेने का प्रयोजन भी सार्थक सिद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा है– 'जीवन को सुन्दर ढंग से बिताने के लिए भी जीवन का एक रूप होना चाहिए। बहुत से लोग कुछ भी न करने को भलापन समझते हैं, यह गलत धारणा है। सुन्दर जीवन क्रियाशील होता है क्योंकि क्रियाशीलता ही जीवन का रूप है। क्रियाशीलता को छोड़कर जीवन का सौन्दर्य टिक नहीं सकता है।' मनुष्य अपने कर्मों के द्वारा ही मनुष्य जीवन को सुन्दर बना सकता है। मनुष्य को कर्म की सही पहचान होनी चाहिए। क्योंकि अच्छे कर्म जहाँ मनुष्य को ऊँचा उठाते हैं वहीं बुरे कर्म उसे अधोपतन की ओर ले जाते हैं। मनुष्यता रूपी कर्म ही मनुष्य को पशुतव एवं जड़त्व से ऊपर उठाती है। द्विवेदी जी ने अपने साहित्य में मनुष्य के नैतिक–अनैतिक गुणों को दिखाकर मानवता को सर्वश्रेष्ठ धर्म स्वीकार किया है। 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में 'भट्टिनी' कहती है– 'एक जाति दूसरी को म्लेच्छ समझती है, एक मनुष्य दूसरे को नीच समझता है। इससे बढ़कर अशान्ति का कारण और क्या हो सकता है भट्ट। तुम्हीं ऐसे हो जो नरलोक से लेकर किन्नरलोक तक व्याप्त एक ही रागात्मक हृदय, एक ही करुणायित

चित्ता को हृदयंगम करा सकते हो।' द्विवेदी जी इस कथन के द्वारा यह सिद्ध करना चाहते हैं कि भारत देश में मनुष्य को मनुष्यता के रूप में न देखकर उसे उच्च जाति और निम्न जाति में विभाजित कर दिया जाता है। मनुष्य जाति सर्वत्र दूसरे मनुष्यों को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। मनुष्य जाति धर्म, वर्ण, जाति आदि रूपों में विभाजित होकर परस्पर लड़ते-झगड़ते हैं। द्विवेदी जी मनुष्य को धर्म और जातियों में विभाजित न कर उन्हें मनुष्यता के रूप में विभाजित करने के पक्ष में हैं।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी नरदेह को व्यापक एवं विस्तृत मानते हैं वे कहते हैं कि- 'केवल मनुष्य को इच्छा, क्रिया और ज्ञान की त्रिधारा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त है। इसलिए परस्पर पुरुष को भी जब कुछ करना होता है, तब उसे नरदेह धारण करनी पड़ती है। देह तो वह और भी धारण कर सकता है, पर नरदेह में उसका पूर्ण विस्तार होता है।' शरीर तो पशुओं को भी मिलता है। उनमें भी बुद्धि और समझदारी होती है, किन्तु वह विस्तृत एवं व्यापक नहीं होती। मनुष्य ही सम्पूर्ण धरती पर वह प्राणी है जो व्यापकता से फलीभूत होता है। उसका मानसिक स्तर उच्च दर्जे का होता है। वह अपनी बुद्धि के बल पर सम्पूर्ण जगत् में अपना आधिपत्यजमा सकता है। मनुष्य से निकृष्ट प्राणी केवल एक जगह तक ही सीमित होकर रह जाता है। द्विवेदी जी ने बार-बार दुहराया है- 'मनुष्य की जो सबसे सूक्ष्म और सराहनीय साधना है उसी का प्रकाश साहित्य है।' मनुष्य ने बहुत ही अधिक साधना की जिसके फलस्वरूप वह स्वयं को पशुत्व धर्म से बचा पाया। मनुष्य ने कठिन तपस्या के तदन्तर ही संयम एवं परदु:ख कातर जैसी भावनाओं को प्राप्त किया। मनुष्यता की स्थापना से ही साहित्य श्रेष्ठ एवं मूल्यवान बनती है। स्वार्थ की समाप्ति पर ही मनुष्यता का विकास होता है। द्विवेदी जी ने कहा है कि- 'मनुष्य रूपी पुरुष ही अर्थात् पशु-सुलभ धरातल से ऊपर उठा हुआ मनुष्यत्व धर्मी जीव ही सृष्टि की सबसे बड़ी साधना है। उससे बड़ा कुछ भी नहीं- पुरुषान्न परं किंचित् सा काष्ठा सा परा गति:।'

अन्तत: कह सकते हैं कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्य मानवता एवं सांस्कृतिक चेतना की विराट अनुभूति है। उन्होंने प्राचीन परम्पराओं एवं मान्यताओं के आदर्श मूल्यों को आधुनिक परिवेश में उतारने का भरपूर प्रयास किया। उनका आदर्शवाद कोरी कल्पना एवं अंधानुकरण से रहित होकर नवीन जीवन मूल्यों की स्थापना करता है। वे कहते हैं- 'साहित्य को महान बनाने के मूल में साहित्यकार का महान संकल्प होता है वह संकल्प इस विचार-पद्धति के साथ है।' आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपनी विद्वता को उपन्यास, निबंध, हिन्दी साहित्य ग्रन्थ, आलोचनात्मक ग्रन्थ एवं अनूदित ग्रन्थों के माध्यम से प्रदर्शित किया। उन्होंने कबीर, सूर, कालिदास, रवीन्द्रनाथ आदि कवियों को लेकर अपने आलोचनात्मक विधा को समृद्ध बनाया। उनके प्रिय कवियों कबीर सर्वप्रमुख हैं। कबीर उन्हें इसलिए प्रिय हैं क्योंकि कबीर ने मनुष्यता को सर्वोपरि माना था। मनुष्यता के स्वरूप को उन्होंने रवीन्द्रनाथ के साहित्य से प्राप्त किया। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्य प्रौढ़ता एवं गम्भीरता से पूर्ण होकर सांस्कृतिक धरोहर के अन्तर्गत सर्वत्र मानव-कल्याण की भावना को दर्शाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिन्दी आलोचना, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन प्रा0लि0, 1-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, संस्करण प्रथम, ग्यारहवीं आवृत्ति, 2009.
2. नन्दकिशोर नवल, हिन्दी आलोचना का विकास, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन प्रा0लि0, 1-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, प्रथम संस्करण 1981, तीसरी आवृत्ति 2007.
3. डॉ0 रेवतीरमण, हिन्दी आलोचना : बीसवीं शताब्दी, प्रकाशक-अभिव्यक्ति प्रकाशन प्रा0लि0, बी-31 गोविन्दपुर कॉलोनी, इलाहाबाद-211004, संस्करण प्रथम 2002, पुनर्मुद्रण 2011.
4. रामस्वरूप चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, प्रकाशक-लोकभारती प्रकाशन, पहली मंजिल, दरबारी बिल्डिंग, महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद-211001, संस्करण 2014.
5. डॉ0 लालसाहब सिंह, हिन्दी साहित्य का नवीन इतिहास, प्रकाशक-विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी-221001, संस्करण द्वितीय 2005.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शिवमूर्ति : समकालीन कथा साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर

डॉ. प्रिया सिंह*

* असिस्टेंट प्रोफेसर, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

1. UNHRC, *Report of the Special Rapporteur on the issue of human rights obligations relating to the enjoyment of a safe, clean, healthy and sustainable environment,* UN Doc A/HRC/37/59 (2018).
2. UNHRC *Preliminary Rept* (2012), para. 14.
3. Analytical study on the promotion and protection of the rights of persons with disabilities in the context of climate change (April 2020)
4. The slow onset effects of climate change and human rights protection for cross-border migrants (March 2018)
5. Analytical study on gender-responsive climate action for the full and effective enjoyment of the rights of women (May 2019)
6. Summary of the panel discussion on women's rights and climate change: climate action, good practices and lessons learned (July 2019).

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अमृतलाल नागर का नारी विषयक दृष्टिकोण

शैलेश निषाद* प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा**

* शोधार्थी, हिंदी अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष, हिंदी अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यलय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – प्राचीन काल से हमारे समाज में नारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय रही है। नारियों का शोषण अनादिकाल से चला आ रहा है। साथ ही साथ पुरुष की प्रधानता सर्वत्र व्याप्त थी। पुरुष और स्त्री समाज निर्माण के दो पूरक तत्व थे। प्राचीन काल में ऋषियों के काल से लेकर स्त्री जाति, पुरुष को देवतुल्य मानती है, और एक शब्द में कहा जाए तो स्त्री द पुरुष का गुलाम बनकर अपना जीवन व्यतीत करती थी। पुरुष का सर उसकी कमाई पर आश्रित होकर जीवन निर्वाण करने वाली स्त्री के सामने उंचा रहता है। इसके अलावा स्त्री की अपेक्षा पुरूष का शारीरिक बल भी ज्यादा होने के कारण उसका मान सदैव बढ़ता रहा है। इन कारणों से नारी के प्रति पुरुष का अत्याचार प्राचीन काल से देखने को मिलता है।

'प्रकृति प्रदत्त शारीरिक भिन्नता, दुर्बलता भी कह सकते हैं, के अलावा उसमें जो कुछ भी भिन्न, दुर्बल या निचले स्तर का रहा है, वह विभिन्न कालों में, विभिन्न परिस्थितियों या परिवेश की उपज है।'[1]

परिवार की आर्थिक गतिविधियों में सहभागी होने के बावजूद भी नारियों का स्थान परिवार तथा समाज में पुरुष से निम्न रहा। धन, धरती और सत्ताा से वंचित रहने के कारण इस स्त्रियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय रही है। इस कारण स्त्री वर्ग का यौन शोषण इतर वर्ग के लोगों द्वारा आसान रहा। एक ने इसे नियति मानकर स्वीकार किया, तो दूसरे ने भाग्य मानकर स्वीकार किया है। हिंदी के आम साहित्यकार की सोच परिवर्तनवादी न होकर पुरातनपंथी रही है। हिंदी के अधिकांश लेखक और साहित्यकार तथाकथित उच्च वर्ग के रहे, तथा वह अपने वर्ग और वर्ण के हितों से परे नहीं जा सके। भारतीय मानसिकता नारियों को सीता और सावित्री के रूप में देखने की चाह रखने वाली रही है। यह मानसिकता धीरे-धीरे यथार्थ से टकराकर टूटी, किंतु शोषण का दंश झेलती हुई नारियां इस दृष्टि अभागी रही हैं।

अमृतलाल नागर ने अपने साहित्य में नारियों के विषय में और उनकी विवशता व उनके जीवन में होने वाली समस्याओं के विषय को अपने साहित्य में प्रमुखता से स्थान दिया है। स्त्रियों की अनेक प्रकार की समस्याओं को नागर जी ने अपने उपन्यास के माध्यम से पाठक वर्ग के सम्मुख रखा है। जिसमें 'महाकाल' उपन्यास में मुट्ठी भर दाने के लिए बेची जाने वाली स्त्री की विवशता समाज की आंखों को खोलने के लिए पर्याप्त भूमिका निभाती है। इस तरीके से अमृत लाल नागर जी ने 'बूंद और समुद्र' उपन्यास में जिसमें ताई लड़की के प्रजनन के कारण त्याग दी जाती है। उसी समय स्त्रियों पर होने वाले अत्याचारों के प्रति शस्त्र उठाने वाली वन कन्या भी नागर जी के उपन्यास में स्त्रियों की स्थिति को चित्रित करती है। अत्याचार से पीड़ित वह वन कन्या अपनी भाभी के विषय में कहती है-

'भाभी का अपराद यही है कि वह औरत है और एक इकोनॉमिकलीफ्री नहीं है।'[2]

महिपाल की राय में ' भारत का घर स्त्रियों के लिए कसाई खाना है।'[3] स्त्री और पुरुष इन दोनों की सामाजिक मर्यादा में आज भी बड़ा अंतर देखने को मिलता है। नारी होना आज की सामाजिक स्थिति में अभिशाप है। वनकन्या के माध्यम से इसका कारण अमृतलाल नागर जी स्पष्ट करते हैं- 'स्त्री आर्थिक तौर पर पुरुष की आश्रिता है।'[4]

अमृतलाल नागर जी अपने साहित्य में नारियों की स्थिति को दूर करने के लिए सामाजिक क्रांति का आह्वान करते हैं। वनकन्या के माध्यम से वे नारी जाति को उद्बोधित करते हैं।

'दूर कर नारी यह मोह। घुंघट के पट खोल। पुरुष के अत्याचारों के खिलाफ संगठित होकर अपनी आवाज उठा। जिस दिन स्त्री जाति अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों का अंत करने के लिए निश्चय पूर्वक खड़ी हो जाएगी उसी दिन दुनिया से हर तरह के अत्याचार मिट जाएंगे।'[5]

अमृतलाल नागर जी ने नारी विषयक दृष्टिकोण को देखते हुए, और स्त्रियों की विवशता को अपने उपन्यास 'नाच्यो बहुत गोपाल' में यथार्थ के रूप में चित्रित किया है। इस उपन्यास की पात्र 'निर्गुनिया य पुरुष जाति से पीड़ित होकर ब्राह्मणी से मेंहतरनी बन जाती है। नारी जीवन की कटुता को स्पष्ट करती हुई, वह कहती है-

'दुनिया में दूर-दूर देशों तक, औरत से बढ़कर और कोई भी ज्यादा गुलाम नहीं है।'[6]

अमृतलाल नागर जी ने नारी के विषय में अथवा उसके संदर्भ में बेमेल विवाह, अंतर्जातीय विवाह, बाल विवाह, की समस्याओं को अपने उपन्यासों के माध्यम से उठाया है।

सच्चे प्रेम से वंचित 'बड़ी' जैसी स्त्रियों को प्रकाश में लाकर अमृतलाल नागर जी ने स्वार्थी पुरुषों को छुटकी दी है। अपने जीवन में थोड़े प्रेम की खोज में प्रेम का नाटक रचने वाला 'विरहेश' की प्रेमिका बन जाती है। स्थितिवश वह घुटन अनुभव करने वाली स्त्रियां और उस कारण निम्न स्तर की ओर गिरने वाली व दुखद स्थिति में पहुंचने वाली उनकी हालत हृदय विदारक होती है। अंत में 'विरहेश' से प्रताड़ित और पीड़ित बनकर दुख झेलती हुई 'बड़ी' को देखकर भारत के ऐसे पुरुष वर्ग की ओर समाज निंदापरक दृष्टि डालता है। 'पतिव्रत्यनिष्ठा का उद्घोषणा करने वाली भारतीय संस्कृति

को कलंक लगाने वाला प्रधान कार्य भारत के पुरुष ही हैं, कोई संदेह नहीं, इस नग्न सत्य के प्रति आंखें खोलने का समय बीत चुका है।'[7]

अमृतलाल नागर जी ने इस प्रकार एक व्यापक सामाजिक आधार फलक पर संपूर्ण भारतीय जीवन की समस्या को नारी के विषय में आबद्ध कर दिया है।

अमृतलाल नागर जी ने नारी विषयक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने अपने उपन्यास 'अमृत और विष' में अंतर्जातीय विवाह को समाज के सम्मुख रखा है। समाज की प्रगति के लिए अंतर्जातीय विवाह का नागर जी ने समर्थन किया है।

'अंतर्जातीय विवाह से मनुष्य संकीर्णता से उठकर व्यापक दायरे में आ जाएगा। लेकिन यह भी देखा जाता है कि विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच चुभन भरी स्थितियां होती हैं।'[8]

इस उपन्यास में 'भवानी शंकर' और 'उषा' का विवाह इसका मूल उदाहरण है। उनका अंतर्जातीय विवाह असफल होता है। अमृतलाल नागर ने 'रमेश' और 'रानीबाला' के विवाह से अंतर्जातीय विधवा विवाह को सफल दिखाया है। 'अमृत और विष' में 'अरविंद शंकर' के अपने अनुभव को बताते नागर की स्पष्ट करते हैं कि ऐसे विवाह के अधिकांश लोग सुखी और संतुष्ट हैं। अरविंद शंकर का जीवन अनुभव है कि 'हिंदू पति, मुसलमान या इसाई पत्नी, ईसाई या मुसलमान पति और हिंदू पत्नी- ऐसे जोड़े अब दिनों दिन क्रमश: बढ़ रहे हैं और निजी अनुभव से जानता हूं कि उनमें अधिकांश सुखी, संतुष्ट और आबरूदार, बाल बच्चेदार हैं।'[9] अंत में नागर जी अपनी उंची अभिलाष प्रकट करते हैं कि जाति, वर्ण और धर्म की चिंता विवाह में ना हो जाए। डॉक्टर आत्माराम के माध्यम से नागर जी अपना अंतिम निर्णय देते हैं- 'अब इस देश में शादियां इस तरीके से होनी चाहिए कि उन्हें देखकर कोई यह न कह सके कि यह हिंदू की शादी है या मुसलमान की या क्रिश्चियन की हो रही है। समाज के सामने नव दंपति एक- दूसरे को स्वीकार करें और समाज में स्थान पाएं। इससे हमारे जातीय और सांप्रदायिक भेद भावनाएं मिटेगीं।'[10]

अमृतलाल नागर जी ने अपने साहित्य में स्त्री विषयक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए समाज पर दहेज की समस्या को लेकर करारा व्यंग्य किया है। नारी के संदर्भ में दहेज एक अभिशाप है। यह समाज के लिए एक सिर दर्द है। इस दहेज के भार से लड़की के माता-पिता इतने टूट जाते हैं कि दोबारा उसे मान- सम्मान से उठाना मुश्किल हो जाता है। दहेज हमारे समाज में सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभर कर हमारे सामने आया है। अमृतलाल नागर के उपन्यास 'बूंद और समुद्र' में महिपाल कहता है कि 'मूर्ख से मूर्ख वर के लिए भी कम से कम तीन-चार हजार का दहेज देना होगा और इतना ही रुपया ऊपर से लग जाएगा, यह सात द आठ हजार की रकम में चुकाऊंगा कहां से?।'[11]

अमृतलाल नागर ने इसी तरह अपने उपन्यास 'अग्निगर्भा में भी 'सीता 'को दहेज की कमी के कारण पीड़ित होते दिखाया है।

अमृतलाल नागर ने अपने साहित्य में नारियों से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया है। नारियों की दयनीय स्थिति में होने का सबसे बड़ा कारण हमारा समाज व हमारी सोच है। जिसे हमें बदलने की आवश्यकता है। स्त्री चाहे वह निम्न वर्ग की हो या उच्च वर्ग की हो, सभी को एक निगाह से देखने के पक्षपाती नागर जी रहे हैं। स्त्रियों के उत्थान के लिए उन्होंने अंतर्जातीय विवाह, बाल विवाह, विधवा विवाह और दहेज की समस्या को प्रमुखता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। समाज में नारी क्रियाशील रहे तो वह सामाज में सभी प्रकार के संस्कारों को जन्म दे सकती है। अमृतलाल नागर ने अपने साहित्य में सदैव नारियों के उत्थान व उनके प्रति अपना दृष्टिकोण सदैव सकारात्मक रूप में रखा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय नारी- दशा - दिशा - आशारानीव्होरा, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली , प्रथम संस्करण - 1983 , पृष्ठ - 3
2. बूंद और समुद्र - अमृतलाल नागर , पृष्ठ - 56
3. वही - पृष्ठ - 111
4. वही - पृष्ठ - 437
5. वही - पृष्ठ - 93
6. नाच्यो बहुत गोपाल - अमृतलाल नागर- पृष्ठ - 229
7. बूंद और समुद्र - पृष्ठ - 180
8. अमृत और विष - पृष्ठ - 110
9. वही - पृष्ठ - 674
10. वही - पृष्ठ - 470
11. बूंद और समुद्र - पृष्ठ - 107

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मधुबनी एवं वरली कलाओं का तुलनात्मक अध्ययन

मीना* डॉ. निशा गुप्ता**

* शोधार्थी, जे0 के0 पी0 पी0जी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत
** एसोसिएट प्रोफसर, जे0 के0 पी0 पी0जी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय लोक कला में मधुबनी एवं वरली दोनों ही कलाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। गंगा के उत्तारी किनारों की तलहटी की उपजाऊ भूमि पर हरे-भरे पेड़ों की हरितिमा से मन को लुभाते प्राकृतिक दृश्य वाला बिहार राज्य नेपाल की सीमा को स्पर्श करता है। उत्तार में हिमालय, पूर्व में कौशिक नदी, दक्षिण में गंगा और पश्चिम में गंड़की नदी से घिरा उपजाऊ भूमि वाला यह भू-भाग आम, लीची एवं केले के बागानों के खूबसूरत प्राकृतिक सौन्दर्य से भरा है। कृषि एवं पशुपालन पर आजीविका हेतु आश्रित प्रत्येक वर्ष प्राकृतिक आपदाताओं से प्रभावित यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। बिहार राज्य के मधुबनी, दरभंगा सीतामढ़ी, सहरसा तथा पूर्णियाँ जिले मधुबनी कला के मुख्य केन्द्र रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के पूर्वी भाग में स्थित है। महाराष्ट्र तथा गुजरात राज्य की सीमा के आस-पास के मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्र में निवास करने वाली महान वरली जनजाति भारत के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है। यह आदिवासी समुदाय महाराष्ट्र राज्य के ठाणे जिले के दहानू, तालासेरी, मोखडा, पालघर, शाहपुर तथा जवाहर तालूका में अधिकांश रूप से निवास करता है।

इनके तुलनात्मक अध्ययन से ज्ञात होता है कि दोनों ही कलाएँ एक दूसरे से कुछ समानताएँ रखते हुए विभिन्नता के साथ अपने इतिहास एवं परम्पराओं को संजोये हुए है। मधुबनी कला धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से सम्बन्धित कला है। इस कला के चित्रों के विषय पारिवारिक कल्याण तथा वैयक्तिक कलात्मक पिपासा की शान्ति एवं मनोविनोद की प्रवृत्ति से उत्प्रेरित है। शैव, शाक्त एवं वैष्णव चिंतनधारा से प्रभावित यहाँ के चित्रों में स्वर्गिक आकृतियाँ-शिव, दुर्गा, काली, राम-सीता, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, विष्णु-लक्ष्मी, गौरी, गणेश आदि मुख्य विषय रहे हैं।

पौराणिक चरित्रों को मधुबनी कला के विषयों में विशेष रूप से एवं बहुतायत में चित्रित किया गया है, जबकि वरली कला एक जनजातीय लोक कला है। ये प्रकृति के पाँच तत्वों की उपासना करते हैं। ईश्वर में अटूट आस्था रखने वाला वरली समुदाय हिन्दू देवी देवताओं जैसे महालक्ष्मी, महागौरी (गंगा गौरी) आदि की भी पूजा करते हैं। हिमाई देवी, हिरवा, एक सिर्या, पंचसिर्या, वाघा देव, नारायण देव, पावश्या आदि इनके कुछ प्रमुख देवता है।

विवाह जैसे मांगलिक अवसर पर मधुबनी कला कुल देवता की स्थापना हेतु ज्यामितीय एवं तांत्रिक पद्धति पर आधारित कोहबर लेखन की रचना की जाती है। इसके अतिरिक्त कमलदह, बर्रे तथा बॉस अरिपन, नयना-योगिन, कामदेव, दशावतार तथा बाहरी दिवारों पर धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर तथा शिव पार्वती विवाह आदि के दृश्य प्रमुख होते है। जबकि वरली में विवाह जैसे मांगलिक अवसर पर देव चौक, लगन चौक की रचना की जाती है जहाँ ये अपने देवी-देवताओं नारायण देव, हिरवा, हिमाई, झोटिगां, देवी पालघाट को नव दम्पत्ति को आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित करते हैं।

मधुबनी कला में वनस्पतियों एवं पशु पक्षियों की आकृतियों को विभिन्न ज्यामीतिक एवं अलंकारिक आकारों में प्रतीकात्मक रूप से चित्रित किया जाता है। सिंह, नन्दी, हंस, मोर, गुरुड, आदि पशु एवं पक्षियों को देवी देवताओं के वाहन के रूप में चित्रित जाता है, जबकि वरली कला में पशु एवं पक्षियों का चित्रण इनके दैनिक जीवन के एक प्रमुख अंग के रूप में चित्रित किया गया है।

मधुबनी कला के विषय पौराणिक चरित्रों एवं धार्मिक ग्रन्थों पर आधारित है जबकि वरली कला की विषय वस्तु प्रकृति एवं दैनिक जीवन के क्रिया-कलाप, तर्पा, शहद एकत्रीकरण, फसल कटाई, प्रकृति पूजा, सामाजिक उत्सव आदि से सम्बन्धित है।

विषय वस्तु के आधार पर सामान्यत: दोनों कलाओं के चित्रण विषय एक दूसरे से बहुत भिन्नता रखते है परन्तु दोनों ही कलाओं में प्रतीकात्मक रूप से बेल-बूटो एवं पेड़-पत्तों आदि को वंश वृद्धि तथा पवित्रता के सूचक के रूप में चित्रित किया जाता है। दोनों ही कलाओं के चित्र आस्था एवं आध्यात्मिक विश्वास के सूचक है। मधुबनी कला में स्वास्तिक रचना शुभ एवं मंगल का प्रतीक है। वहीं वरली कला में आम के पत्तों एवं नारियल से बना कलश पवित्रता एवं पूर्णता का प्रतीक है। इस प्रकार दोनों ही कलाएँ प्रतीकात्मक रूप से आस्था एवं धार्मिक विश्वास का प्रतिनिधित्व करती हैं।

मधुबनी चित्रों में रंग संयोजन चटकीला है जो मुख्य रूप से तीन रंगों पर आधारित है- शुद्ध लाल, पीला एवं नीला। यहाँ लाल रंग को विभिन्न तानों में जैसे कहीं सिन्दूरी तो कहीं गुलाबी, कहीं गेरूआ तो कहीं नारंगी में प्रयोग किया गया है। इसकी रंग योजना स्वदेशी है जिसमें आमतौर पर गहरे लाल, हरे, नीले, काले रंगों को ही प्रयोग में लाया जाता है।

वरली कला विशेष रूप से लाल एवं सफेद रंगों पर आधारित कला है। यह कला गहरी पृष्ठभूमि पर सफेद रंग तक ही सीमित है। आधुनिकता से प्रभावित बहुरंगीय वरली पेंटिग भी बनायी जाने लगी है परन्तु मुख्य रूप से यह कला मेहंदी, इंडिगो, गेरू काले आदि रंगों की पृष्ठभूमि पर सफेद रंग से की जाने वाली कला है।

मधुबनी चित्रकारी चटकीले एवं विषम रंगों की विशेषता वाली प्रसिद्ध कला है। इसमें शुद्ध चटकीले रंगों का प्रयोग किया जाता है। दोहरे रेखांकन

के बीच चटख रंगों को भरने की तकनीक चित्रों को चटकीला प्रभाव देती है। इसमें शुद्ध रंगों के साथ-साथ रंग की विभिन्न तानों का भी प्रयोग किया जाता है, जबकि वरली चित्रकारी गहरी पृष्ठभूमि पर सफेद रंग से की जाने वाली कला है जिसमें केवल शुद्ध एवं सपाट रंगों से चित्र को पूरा किया जाता है। इसमें सीमित रंगों को प्रयोग में लाया जाता है।

मधुबनी एवं वरली दोनों कलाओं में मुख्य रूप से खनिज रंगों का ही प्रयोग किया जाता है। समान रूप से सपाट रंगों को ही प्रयोग में लाया जाता है तथा परिप्रेक्ष्य एवं छाया-प्रकाश का समान रूप से दोनों ही कलाओं में अभाव पाया जाता है। ये दोनों ही कलाएँ द्विआयामी कलायें है जिनमें त्रिआयामी प्रभाव दृष्टिगोचर नहीं होता है। आधुनिकीकरण एवं व्यवसायीकरण के कारण वर्तमान में दोनों ही कलाओं में खनिज रंगों का स्थान रासायनिक रंगों ने ले लिया है।

मधुबनी कला हिमालय की तलहटी में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के उपजाऊ मैदानी भाग में पलने वाली कला है। यह भारत के पूर्वी भाग में स्थित है, जबकि वरली कला भारत के पश्चिम भाग में अरब सागर के निकट मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में पोषित कला है। मधुबनी कला बिहार राज्य के विभिन्न जिलों के गाँवों में बने कच्चे घरों की दीवारों पर चटकीले रंगों से चित्र संसार रचती है। वहीं वरली कला ठाणे जिले के विभिन्न तालुका में बनी हुल (झोपड़ियों) की नरवट की दीवारों पर गहरी पृष्ठभूमि पर सफेद रंगों से अपनी परम्पराओं की कहानी कहती हैं। मधुबनी एवं वरली दोनों ही कला भौगोलिक दृष्टिकोण से एक दूसरे से भिन्न है।

दोनों ही क्षेत्र कृषि एवं पशुपालन पर आश्रित होने के कारण प्रकृति से प्रभावित है, क्योंकि मानसून इन दोनों ही क्षेत्रों की जीवन शैली को प्रभावित करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. जनार्दनमिश्र : भारतीय प्रतीक विधा, पृ0सं0 54-56
2. Documentation of Warli Painting of Maharashtra :- Ministry of Textiles, Government of India New Delhi (India) p.no. 13
3. कला संगम, मध्योत्तरी, 2011, अंक-01, पृ0सं0 39
4. https://theexampillar.com/geography_of_bihar
5. www.districtsindia.com

मधुबनी एवं वरली कला

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन परआधुनिकीकरण का प्रभाव

डॉ. रणजीत कुमार मीणा*

* सह आचार्य (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – जहाँ तक जनजातीय क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के अंगीकरण का सवाल है, उन्हें आधुनिकीकरण को अपनाने में अभी भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं में यातायात के साधनों की कमी, शिक्षा एवं जागरूकता की कमी, आर्थिक पिछड़ापन एवं सिंचाई के साधनों का अभाव और कृषि उपज मण्डियों एवं बाजारों का दूर होना प्रमुख हैं। साथ ही जनजातियों के रूढ़िवादी एवं परम्परावादी दृष्टिकोंण के कारण स्थानीय संसाधनों के उपयोग का भरपूर दोहन न कर पाना कारण माना जा सकता है। राजकीय प्रयासों के परिणामस्वरूप लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उन्हें विशेषकर आधुनिकीकरण का अंगीकरण किया जाना जरूरी है। जनजातीय क्षेत्रों में जिन लोगों ने आधुनिकीकरण को अपनाया है, उन लोगों की स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी स्थानीय हाट बाजार न होने के कारण आर्थिक दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य जिला उदयपुर का चयनित किया गया है।ग्रामीण जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत भील जनजाति के समस्त परिवारों को अध्ययन के समग्र के रूप में सम्मिलित किया गया है। प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु झाबुआ जिले की पाँच तहसीलों में से (प्रत्येक तहसील से 8 गांव) कुल 40 गांवों को दैव निदर्शन विधि द्वारा चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया। इस हेतु सर्वप्रथम सभी तहसीलों के गांवों की सूची शहर से दूरी के आधार पर तैयार की गयी तत्पश्चात् 20 गांव शहर के नजदीक एवं 20 शहर से दूर स्थित गांवों का चयन दैव निदर्शन संख्या तालिका (Random Number Table) का उपयोग कर की गयी। अध्ययन में चयनित प्रत्येक गांव से 10 भील जनजाति के उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि का प्रयोग कर 200 उत्तरदाता शहर के नजदीक के गांवों से एवं 200 उत्तरदाता शहर से दूर स्थित गांवों से कुल 400 उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया। वर्तमान समय में भील जनजाति को राजकीय स्तर पर विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ प्रदान कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर भील जनजाति के लोग अपना सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक विकास करने में सक्षम हो रहे हैं। जिसका इनके जीवन पर प्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित होता है। अत: हम कह सकते हैं कि भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक जीवन पर आधुनिकीकरण का प्रभाव सकारात्मक रूप से पड़ रहा है लेकिन आज भी ये लोग अन्य जातियों और जनजातियों की तुलना में विशेष रूप से पिछड़े हुये हैं।

शब्द कुंजी – आधुनिकीकरण, मुख्यधारा, राजकीय योजनाएँ, परम्परागत समुदाय, पिछड़ापन, हाट बाजार।

प्रस्तावना – जनजातियों की संस्कृति विश्व के लिए आकर्षण का केन्द्र रही है। भील जनजाति भारत की पहली तथा राजस्थान की सबसे बड़ी जनजाति है। यह जनजाति उदयपुर के अतिरिक्त राजस्थान के डुंगरपुर, बॉसवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसमंद और चित्तौड़गढ़आदि जिलों में भी निवास करती है। भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार उदयपुर जिले में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 1,525,289 (49.7 प्रतिशत) है। इस दृष्टि से उदयपुर सर्वाधिक जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। भील जनजाति राजस्थान के अतिरिक्त मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, महाराष्ट्र तथा गुजरात में पायी जाती है।

विदेशी आक्रमणों के कारण जनजातीय समूह दूरस्थ पहाड़ों एवं निर्जन वनों में निवास करने लगे। प्रकृति से सामंजस्य व अनुकूलन स्थापित करते हुए वे सीमित संसाधनों का उपयोग कर, साथ ही कृषि व पशुपालन करके यह अपनी जीविकोपार्जन करने लगे। अंग्रेजी शासन काल में जमींदारी प्रथा के परिणामस्वरूप इनकी स्वतन्त्र सामाजिक व्यवस्था पर कुप्रभाव पड़ा। स्वतत्रता के पश्चात् अनुसूचित जनजाति के विकास के संवैधानिक प्रयास किय गये। उनके विकास के विशेष प्रयास कल्याणकारी राज्य द्वारा उठाये गये। देश में भूमि पर कार्य करने वाले भूस्वामी बने। भूस्वामी बनने के साथ ही सरकारी जमीन के पट्टे अपने नाम करने की प्रक्रिया आरम्भ हुयी जिससे जनजातिय लोगों को कृषि भूमि को अपने नाम कराने हेतु सरकारी कार्यालय जाना पड़ा। सरकार से जुड़ने के साथ वे नगरों व विकसित गांवों के साथ सम्पर्क स्थापित हुआ। जिसके कारण जनजातीय समूह शहरों में आने से आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से परिचित हुआ।

आधुनिकीकरण से आशय – आधुनिक युग में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में युगान्तकारी परिवर्तन हुए हैं, जिसके चलते सामाजिक और आर्थिक जीवन में अनगिनत परिवर्तन हुए हैं और यह परिवर्तन विश्व स्तर पर चल रहा है। इसी परिवर्तन को स्पष्ट करने के लिए समाज वैज्ञानिकों ने आधुनिकीकरण जैसी अवधारणा का प्रयोग किया है। कुछ लोगों ने आधुनिकीकरण को प्रक्रिया में माना है तो कुछ ने प्रतिफल के रूप में।

आइजनस्टेड ने इसे एक प्रक्रिया मानते हुए लिखा है,'ऐतिहासिक दृष्टि से आधुनिकीकरण उस प्रकार की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्थाओं की ओर परिवर्तन की प्रक्रिया है जो कि सत्रहवीं से उन्नीसवीं शताब्दी तक पश्चिमी यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में और बीसवीं तक दक्षिणी अमेरिकी, एशियाई व अफ्रीकी देशों में विकसित हुई।'

बैनेडिक्स ने बताया कि 1760-1830 में इगलैण्ड की औद्यागिक क्रांति तथा 1784-1794 में फ्रांस की क्रांति के दौरान आधुनिकीकरण पनपा।

ए. आर. देसाई ने आधुनिकीकरण को मानव को सभी क्षेत्रों में, विचारों में तथा क्रियाओं में होने वाले परिवर्तन की प्रक्रिया माना है।
जबकि **सक्सेना** इसे मूल्यों से जुड़ा प्रत्यय मानते हैं।

श्रीनिवास ने बताया कि आधुनिकीकरण किसी पश्चिमी देश के प्रत्यक्ष या परोक्ष सम्पर्क के कारण किसी गैर पश्चिमी देश में होने वाले परिवर्तन के लिए प्रचलित शब्द है।

श्यामचरण दुबे ने आधुनिकीकरण को वह प्रक्रिया बताया है जो परम्परागत या अर्द्ध-परम्परागत अवस्था से प्रोद्योगिकी को किन्हीं इच्छित प्रारूपों तथा उनसे जुड़ी हुई सामाजिक संरचना के स्वरूपों, मूल्यों, प्रेरणाओं एवं सामाजिक आदर्शों नियमों की ओर होने वाले परिवर्तनों को स्पष्ट करती है।

जहाँ तक जनजातीय क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के अंगीकरण का सवाल है, उन्हें आधुनिकीकरण को अपनाने में अभी भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं में यातायात के साधनों की कमी, शिक्षा एवं जागरूकता की कमी, आर्थिक पिछड़ापन एवं सिंचाई के साधनों का अभाव और कृषि उपज मण्डियों एवं बाजारों का दूर होना प्रमुख हैं। साथ ही जनजातियों के रूढ़िवादी एवं परम्परावादी दृष्टिकोंण के कारण स्थानीय संसाधनों के उपयोग का भरपूर दोहन न कर पाना कारण माना जा सकता है। राजकीय प्रयासों के परिणामस्वरूप लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उन्हें विशेषकर आधुनिकीकरण का अंगीकरण किया जाना जरूरी है। जनजातीय क्षेत्रों में जिन लोगों ने आधुनिकीकरण को अपनाया है, उन लोगों की स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी स्थानीय बाजार न होने के कारण आर्थिक दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है।

शोध प्रविधि -

अनुसंधान प्ररचना - प्रस्तुत अध्ययन में शोध उद्देश्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए वर्णनात्मक शोध प्ररचना का उपयोग किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य - आधुनिकीकरण का भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

उपकल्पना - प्रस्तुत शोध कार्य से भील जनजाति के जीवन पर आधुनिकीकरण के प्रभाव का उनके सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

अध्ययन क्षेत्र - प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य जिला उदयपुर को चयनित किया गया।

अध्ययन कासमग्र - प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र उदयपुर जिले के ग्रामीण जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत भील जनजाति के समस्त परिवारों को अध्ययन के समग्र के रूप में सम्मिलित किया गया है।

अध्ययन की इकाई - प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र उदयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत भील जनजाति के चयनित उत्तरदाता को अध्ययन की इकाई के रूप में सम्मिलित किया गया है।

निदर्शन विधि - प्रस्तुत अध्ययन हेतु स्तरीकृत निदर्शन विधि का उपयोग कर उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया है जो कि निम्न प्रकार है :-

तालिका 1 : उदयपुर जिले में उत्तरदाताओं का चयन

जिला उदयपुर (उद्देश्यपूर्ण विधि)					
चयनित तहसील (जनसंख्या विधि)					
सराड़ा	गिर्वा	ऋषभदेव	खैरवाड़ा	कोटड़ा	कुल गांव
112	240	110	256	95	813
चयनित गांव (निदर्शन संख्या तालिका Random Number Table)					
8	8	8	8	8	40
चयनित उत्तरदाता (कोटा पद्धति एवं उद्देश्यपूर्ण विधि)					
80	80	80	80	80	400

जिले का चयन - प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य जिला उदयपुर को उद्देश्यपूर्ण विधि के आधार पर चयनित किया गया।

तहसील का चयन - अध्ययन क्षेत्र उदयपुर जिले की तहसीलों जिनमें सराड़ा, गिर्वा, ऋषभदेव, खैरवाड़ा और कोटड़ा को जनसंख्या विधि के आधार पर चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया।

गांवों का चयन - प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु उदयपुर जिले की पाँच तहसीलों में से (प्रत्येक तहसील से 8 गांव) कुल 40 गांवों को दैव निदर्शन विधि द्वारा चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया। इस हेतु सर्वप्रथम सभी तहसीलों के गांवों की सूची शहर से दूरी के आधार पर तैयार की गयी तत्पश्चात् 20 गांव शहर के नजदीक एवं 20 शहर से दूर स्थित गांवों का चयन दैव निदर्शन संख्या तालिका (Random Number Table) का उपयोग कर की गयी।

उत्तरदाताओं का चयन - अध्ययन में चयनित प्रत्येक गांव से 10 भील जनजाति के उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि का प्रयोग कर 200 उत्तरदाता शहर के नजदीक के गांवों से एवं 200 उत्तरदाता शहर से दूर स्थित गांवों से कुल 400 उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया।

आँकड़ों का आधार एवं एकत्रण - प्रस्तुत शोध कार्य में प्राथमिक तथा द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों का उपयोग किया गया है।

प्राथमिक स्त्रोत - प्राथमिक स्त्रोतों का संग्रहण निर्मित साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से अध्ययन क्षेत्र में जाकर उत्तरदाताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क एवं साक्षात्कार, क्षेत्र का निरीक्षण एवं अवलोकन तथा समूह चर्चा के माध्यम से एकत्र किये गये। साक्षात्कार अनुसूची में अध्ययन के उद्देश्यों के अनुरूप प्रश्नों का समावेश किया गया।

द्वितीयक स्त्रोत - द्वितीयक स्त्रोतों के अन्तर्गत विद्वानों द्वारा लिखित ग्रन्थ, सर्वेक्षण प्रतिवेदन, संस्मरण, यात्रा-वर्णन, पत्र डायरी, ऐतिहासिक प्रलेख, राजकीय आंकड़े अनुसंधान प्रतिवेदन, समाचार पत्र, पत्रिका, शोध पत्रिका, संबंधित सरकारी विभागों के वार्षिक प्रतिवेदन, इन्टरनेट, अप्रकाशित सामग्री, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, जनजाति अनुसंधान केन्द्र, जिला सांख्यिकी कार्यालय, एवं विभिन्न पुस्तकालय आदि से द्वितीयक स्त्रोत एकत्रित किये गये।

तकनीक एवं उपकरण - समंक एकत्रित करने हेतु अवलोकन पद्धति, समूह चर्चा, अनुसूची, साक्षात्कार पद्धति, एस.पी.एस.एस. (SPSS)

सारणीयन एवं फोटोग्राफी का उपयोग किया गया है।

विश्लेषणात्मक पृष्ठभूमि – आंकड़ों के संकलन के पश्चात् संग्रहित आंकड़ों की छंटनी करके, कम्प्यूटर में प्रविष्ट किया गया तथा एस.पी.एस.एस. (SPSS)पैकेज का प्रयोग करते हुऐ सारणीयन के पश्चात् विश्लेषण करके उपयुक्त निष्कर्ष निकाले गये हैं।

तालिका क्रमांक. 2 : उत्तरदाताओं के लिंग से सम्बन्धित जानकारी का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	पुरूष	269	67.25
2	महिला	131	32.75
	कुल योग	**400**	**100.0**

तालिका 2 में उत्तरदाताओं के लिंग से सम्बन्धित विवरण दिया गया है जिसके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदाताओं में सर्वाधिक 67.25 प्रतिशत पुरुष पाये जबकि महिला उत्तरदाताओं का प्रतिशत 32.75 पाया गया।

तालिका क्रमांक. 3: उत्तरदाताओं के उम्र से सम्बन्धित जानकारी

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	20 वर्ष से 40 वर्ष	95	23.75
2	40 वर्ष से 60 वर्ष	209	52.25
3	60 वर्ष से 80 वर्ष	60	15.00
4	80 वर्ष से अधिक	36	9.00
	कुल योग	**400**	**100.00**

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदताओं में से सर्वाधिक 52.25 प्रतिशत उत्तरदाता 40 से 60 वर्ष आयु वर्ग के पाये गये जबकि सबसे कम 9 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जोकि 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के थे। 23.75 प्रतिशत उत्तरदाताओं का आयु वर्ग 20 वर्ष से 40 वर्ष के बीच पाया गया वहीं 60 वर्ष से 80 वर्ष की आयु वर्ग के उत्तरदाताओं प्रतिशत 15 पाया गया।

तालिका क्रमांक. 4: उत्तरदाताओं के वैवाहिक स्थिति की जानकारी

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	अविवाहित	77	19.25
2	विवाहित	185	46.25
3	विधवा/विधुर	89	22.25
4	परित्यकता	49	12.25
	कुल योग	**400**	**100.0**

अध्ययन के दौरान उत्तरदाताओं की वैवाहिक स्थिति के के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी जिसका विवरण उपर्युक्त तालिका में प्रस्तुत किया गया है। तालिका के विवरण से स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 46.25 प्रतिशत उत्तरदाता विवाहित पाये गये जबकि सबसे कम 12.25 प्रतिशत उत्तरदाता परित्यकत पाये गये। 22.25 प्रतिशत उत्तरदता विधवा और विधुर पाये गये वहीं 19.25 प्रतिशत उत्तरदाता अविवाहित पाये गये। उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार व आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के कारण विलम्ब से विवाह का प्रचलन बढा है। साथ ही विधवा/विधुर और परित्यक्ता के प्रतिशत वृद्धि सामाजिक व्यवस्था में हो रहे परिवर्तन को दर्शाता है।

तालिका क्रमांक. 5: उत्तरदाताओं के शिक्षा के स्तर सम्बन्धित जानकारी

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	प्राथमिक	85	21.25
2	माध्यमिक	60	15.0
3	अक्षरी ज्ञान	99	24.75
4	निरक्षर	156	39.0
	कुल योग	**400**	**100.00**

उत्तरदाताओं की शिक्षा से सम्बन्धित जानकारी का विवरण तालिका 5 में प्रस्तुत किया गया जिसके विवरण से स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 21.25 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक तक की शिक्षा ग्रहण किये हुए हैं 15 प्रतिशत उत्तरदाता माध्यमिक तक की शिक्षा प्राप्त किये हुए हैं। 24.75 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जिनको केवल अक्षरी ज्ञान है वहीं सबसे अधिक 39 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जोकि निरक्षर थे।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि यातयात के साधन गैर जनजाति लोगों के सम्पर्क में आने से शिक्षा के प्रति जागरुकता आई है जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार आया है। इसके विपरीत शहरों से दुरस्थ क्षेत्रों में निवासरत जनजाति समुदाय में शिक्षा का स्तर आज भी कम है।

तालिका क्रमांक. 6: उत्तरदाताओं परिवारों का मुख्य व्यवसाय

क्र.	विवरण	पूर्वजों के समय		वर्तमान समय में	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	कृषि	192	48.00	134	33.50
2	व्यवसाय	12	3.00	53	13.25
3	नौकरी	19	4.75	46	11.50
4	मजदूरी	177	44.25	167	41.75
	कुल योग	**400**	**100.0**	**400**	**100.0**

स्वतन्त्रता की मात्रा = 3 5 प्रतिशत स्तर पर अन्तर सार्थक है।

काई-वर्ग (X^2) = 84.701 सारणी मान = 7.815

उपर्युक्त तालिका में उत्तरदताओं के मुख्य व्यवसाय की जानकारी का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिससे स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 48 प्रतिशत उत्तरदाताओं का पूर्वजों के समय मुख्य व्यवसाय कृषि कार्य था जबकि सबसे कम 3 प्रतिशत उत्तरदाता व्यवसाय करते थे। 44.25 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जिनका मुख्य व्यवसाय मजदूरी था वहीं 4.75 प्रतिशत उत्तरदाता नौकरी करते थे।

वर्तमान समय में सर्वाधिक 33.75 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जिनका मुख्य व्यवसाय मजदूरी पाया गया जबकि सबसे कम 11.5 प्रतिशत उत्तरदाता मुख्य व्यवसाय के रूप में नौकरी करते हैं। 33.50 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मुख्य व्यवसाय कृषि पाया गया वहीं 13.25 प्रतिशत उत्तरदाता व्यवसाय करते हैं।

तालिका से स्पष्ट है कि 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर 3 स्वतन्त्रता की मात्रा के लिए काई-वर्ग (X^2) का सारणी मान 7.815 है जो परिकलित मान 84.701 से अत्यधिक कम है इसलिए कहा जा सकता है कि काई-वर्ग (X^2) सार्थक है। अत: दोनों पूर्वजों के समय उत्तरदाता परिवारों का मुख्य व्यवसाय एवं वर्तमान समय में उत्तरदाता परिवारों का मुख्य व्यवसाय सम्बन्धित है स्वतन्त्र नहीं। इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार की जाती है।

अत: तालिका से स्पष्ट होता है कि पूर्वजों के समय और वर्तमान समय में कृषि कार्य और मजदूरी कार्य में कमी हुई है वहीं व्यवसाय और नौकरी के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। इस परिवर्तन का मुख्य कारण वर्तमान समय में शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार पाया गया है एवं शिक्षा प्राप्त कर भील जनजाति के लोगों व्यवसाय एवं नौकरी के प्रति रूचि बढ़ रही है।

निष्कर्ष – उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि वर्तमान समय में भील जनजाति को राजकीय स्तर पर विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ प्रदान कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर भील जनजाति के लोग अपना सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक विकास करने में सक्षम हो रहे हैं। जिसका इनके जीवन पर प्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित होता है। अत: हम कह सकते हैं कि भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक जीवन पर आधुनिकीकरण का प्रभाव सकारात्मक रूप से पड़ रहा है लेकिन आज भी ये लोग अन्य जातियों और जनजातियों की तुलना में विशेष रूप से पिछड़े हुये हैं।

सुझाव – भील जनजाति क्षेत्रों में विकास के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता है साथ ही महिलाओं की शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु ग्राम स्तर पर समितियाँ बनाकर महिलाओं को शिक्षा महत्व के प्रति जागरुक बनाया जा सके। भील जनजाति लोगों के लिए संचार व तकनीकी ज्ञान का प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. भारतीय जनगणना 2011, District Census Hand Book जिला उदयपुर, राजस्थान।
2. बेनडिक्स आर0 (1967) ट्रडिशन एण्ड मॉडर्निटी रिकंसीडर्ड, कम्पेरेटिव स्टडीज इन सोसायटी एण्ड हिस्ट्री, वॉल्यू - 9 पृ. क्र. 326
3. देसाई ए. आर. (1971) एसेज ऑन माडर्नाईजेशन ऑफ अन्डरडेवलप्ड सोसायटीज, वाल्यु - 1,ठक्कर एण्ड कबाम्बे,पृ. क्र. 32
4. सक्सेना आर. एन. (1972) मॉडर्नाईजेशन एण्ड डेवलपमेण्ट ट्रेन्ड्स इन इण्डिया, सोशियोलॉजीकल बुलेटिन, वाल्यु - 21
5. श्रीनिवास एम. एन. (1956) सोशल चेंज इन मॉडर्न इण्डिया, एलाईड पब्लिशर्स, बाम्बे, पृ. क्र. 50
6. दुबे एस. सी. (1971) एक्सपेंशन एण्ड मैनेजमेण्ट ऑफ चेंज, टाटा मैग्रा हिल, नई दिल्ली, पृ. क्र. 67-68

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Occurrence of Ground Water in Basaltic Rocks of Malwa Plateau Region, Madhya Pradesh, India

Pradeep Bagde*

***Department of Geology, Govt. Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA**

Abstract : The Malwa Plateau, covering the western part of Madhya Pradesh north of the Narmada Valley mostly covered by the basaltic lava flows of Deccan Trap igneous activity.This plateau characterized by flat topped hills and step like terraces. The groundwater which encountered in basaltic rocks generally occurs in the joints and fissures. These structures mostly provide the secondary porosity and permeability.The Deccan Traps formations can be tapped by dug-cum-bore and drilled wells.It is observed that the yield increased by 5-10 times when 10-15m bores extending down to the lower vesicular zone are drilled at the base of dug wells.Yields of 400-600 m^3/d can be obtained in this way.

Introduction - The Deccan volcanic province covers four prominent lava plateaus viz. the Deccan proper including the Western Ghats in Maharashtra, the Malwa Plateau in the north separated from the former by Satpura range and the Narmada and Taptiriver areas. The Saurashtra or Kathiawar Peninsula and the smaller Mandla Plateau in the east.

The Malwa Plateau is a rather ill-defined region, covering the western part of Madhya Pradesh (Malwa Plateau covering Nimuch, Mandsaur, Indore, Dhar, Ratlam, Shajapur, Sagar, Rajgarh, Sehore, Badwani, Khargone, Khandwa and Burhanpur Districts and extends in parts of Jhabua,Guna, Ashoknagar,Sehore, Bhopal,Raisen and Vidisha) north of the Narmada Valley mostly covered by the Deccan Traps. The volcanic rocks of the Narmada Valley region are originally known as Malwa Traps.

Geology : Malwa Plateau consists of basaltic lava flows of the Deccan Trap igneous activity. The geology of the Malwa Plateau was first studied by Blanford, who had mapped the area for the first time during '1882-86', this plateau characterized by flat topped hills and step like terraces. The topography is a result of variation in hardness of the different flows. The lava flows may be distinguished on the basis of the following criteria:

i. The colour and lithology of the flows.
ii. Presence of prominent thick weathered zone at the top of individual flows.
iii. Presence of highly vesicular tops.
iv. Presence of distinct platforms.
v. Presence of pipe amygdules in the bottom of each flow.
vi. Mode of weathering and
vii. Joint pattern

The contrasting water bearing properties of different flow units control groundwater occurrence in Deccan Traps. The Deccan Traps have usually poor to moderate permeabilities due to the presence of primary and secondary fractures. The most common litho-unit is tholeiitic basalt with an average specific gravity of 2.78.

Megascopically the rock is melanocratic, hard, compact,massive in nature. The rock sometimes shows vesicular nature, the vesicles are generally filled by the secondary minerals like Zeolites, Calcites and Quartz.The amygdaloidal tendency in the flow is more towards their top portions.

The main assemblage of the minerals found are plagioclase feldspar, pyroxene, glass, opaques and few other secondary minerals like zeolite, calcite, quartz, agate etc. Basalts readily weather to give rise to black cotton soil called 'regur', Black cotton soil has the property of swelling greatly and become very sticky when wetted by rain.
Another product of weathering is laterite, from which Silica, Alkalies and Alkaline earths have been leached away leaving behind alumina, iron, manganese and titanium. It has Pisolitic structure and contain much water,due to higher permeability.In these basaltic rocksgroundwater occurs only along joint planes, vesicular tops and in the weathered zone/ intertrappean beds in between two individual flows.

Groundwater Occurrences : The occurrence of groundwater in these formations depends upon number of factors which control the movement of groundwater. These factors are -

1. Depth and nature of the material constituting the over-burden.
2. Depth of weathering.

3. Size intensity, and interconnecting nature of the vesicles.
4. Thickness of vesicular Zone.
5. Source of Recharge.
6. Density and size of joints, fractures etc.

The main source of all the surface and sub-surface water resources is precipitation. The water that infiltrates down through the pore spaces of the rocks under the earth surfacebecomesgroundwater which represents a part of the hydrological cycle. The depth of water table is a variable factor and depends upon the topography and geology of theunderlying formations and climate. Water table is deep in mountainous and dissected country and shallow in moderate relief areas. The groundwater which encountered in hard rocks (Lunkad et al., 1978; Adyalkar et al., 1973)generally occurs in the joints and fissures. These structures mostly provide the secondary porosity and permeability.It is interestingto record that at times these conduits disappear at greater depth and due to hydration weathered zones are formed at shallow levels.In the zone of permanent saturation, which ' extends from 150-300 feet, in case of Deccan Traps. Water is held under pressure mostly in the joints and fissures traversing the rock. The quantity of water held in the zone of hard rock is much less percubic feet thanthat of water held in the weatheredzone. Wells intersecting this permanent saturation zone yield water throughout the year and are not affected by seasonal fluctuation as is the case in shallow wells.

In Deccan Traps weathering is critical phenomenon and the occurrence, movement and storage of groundwater in this geologic material depends upon the zone of weathering present. In Deccan Trap, the zones of weathering are -

1. The upper most layer is constituted by ''black cotton soil" (Regur) intermingled with red or yellowish clay with Kankar and extended from 2 to 6meter depth.
2. Weathered basalt, locally distinguished as "Copra" which Is yellowish, brown or greenish in colour. The nature of layer is soft, loose and less permeable. The layer penetrates the formation over a depth of 3 to 10 meters.
3. Jointed and fractured basalt which are highly permeable.

The open joints and fractured zone in basalt possesses high transmissibility when these openings are not plugged with the weathering product.

Conclusions : Basaltic rocks form the most important aquifers in the region. The weathered, fractured, joined and vesicular units of basalts form moderate to good aquifers. The formations have highly variable yields ranging from 10 to 750 m^3/d. Dugwells range in depth from 4 to 20 m with water level varying between 2 and 14 mbgl. The specific capacity ranges from 50 to 150 lpm/m of drawdown, hydraulic conductivity varies between 5 and 15 m/d and the specific yield is 5-10%. The Deccan Traps formations can be tapped by dug-cum-bore and drilled wells. It is observed that the yield increases by 5-10 times when 10-15 m bores extending down to the lower vesicular zone are drilled at the base of dugwells. Yields of 400-600 m^3/d can be obtained in this way. In some areas the control of doleritic dykes on occurrence of groundwater was observed. Wells located on the upstream side of these dykes gave better yields. Also wells located on tectonic lineaments gave better yields.

References :-

1. Adyalkar, P.G. and Suryanarayana, G. (1973). Hydrogeology and scope of groundwater development in the trap~ pean tract of Indore and Dhar districts M.P. Preprint," Indo-Soviet Symposium. Recent Trends in Exploration of Minerals, Oil and Ground Water, New Delhi.
2. *Blanford*, *W. T.*, (*1867) On the Traps and Intertrappean beds of* western and central India. Mem. Geol, Surv. India, v. 6, p. 145.
3. Lunkad, S. and Raymahashay, B. (1978).Ground water quality in weathered Deccan Basalt of Malwa Plateau, India. Environmental Science, Geology, Quarterly Journal of Engineering Geology.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सूचना के अधिकार की भ्रष्टाचार को रोकने मे भूमिका

डॉ. लोकेश कुमार शर्मा*

* एसोशिएट प्रोफेसर, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – भारत में भ्रष्टाचार एक गंभीर और व्यापक समस्या रही है, जिसने समाज के सभी स्तरों पर अपनी जड़ें जमा ली हैं। भ्रष्टाचार न केवल आर्थिक विकास को बाधित करता है बल्कि समाज में असमानता और अन्याय को भी बढ़ावा देता है। इसे नियंत्रित करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न कानून और नीतियां बनाई हैं, जिनमें से एक महत्वपूर्ण कानून है 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005' यह अधिनियम नागरिकों को सरकारी सूचनाओं तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आती है और भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। इस शोध पत्र में, हम भारत में भ्रष्टाचार को रोकने में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की भूमिका का विश्लेषण करेंगे।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005: एक परिचय

अधिनियम का इतिहास और पृष्ठभूमि – सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भारतीय लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसकी जड़ें 1990 के दशक में शुरू हुए जन आंदोलनों में पाई जा सकती हैं, जिनका उद्देश्य सरकार की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना था। राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित 'मजदूर किसान शक्ति संगठन' द्वारा चलाए गए अभियान ने इस कानून की नींव रखी। इसके बाद 2005 में यह अधिनियम संसद में पारित हुआ और 12 अक्टूबर 2005 को यह प्रभावी हुआ।

अधिनियम के प्रमुख प्रावधान – सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत, भारतीय नागरिक को किसी भी सार्वजनिक प्राधिकरण से सूचना प्राप्त करने का अधिकार है। इस अधिनियम के तहत, सरकारी विभागों को 30 दिनों के भीतर सूचना प्रदान करनी होती है। अधिनियम में अपवाद भी शामिल हैं, जैसे कि राष्ट्रीय सुरक्षा, गोपनीयता और अन्य संवेदनशील मुद्दों से संबंधित सूचनाएं।

सूचना आयोगों की भूमिका – अधिनियम के तहत, सूचना आयोगों की स्थापना की गई है, जिनमें केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोग शामिल हैं। ये आयोग सूचना प्राप्त करने में नागरिकों को सहायता प्रदान करते हैं और यदि कोई विभाग सूचना देने से इंकार करता है, तो इन आयोगों में अपील की जा सकती है।

भारत में भ्रष्टाचार: एक विश्लेषण

भ्रष्टाचार की परिभाषा और प्रकार – भ्रष्टाचार को आमतौर पर किसी सार्वजनिक पद पर रहते हुए निजी लाभ के लिए अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जाता है। भारत में भ्रष्टाचार के विभिन्न रूप देखने को मिलते हैं, जैसे रिश्वत, अनुचित तरीके से कार्यों में देरी, सरकारी ठेकों में गड़बड़ी और नीतियों में हेरफेर इत्यादि।

भ्रष्टाचार के कारण – भारत में भ्रष्टाचार के कई कारण हैं, जिनमें कमजोर शासन, पारदर्शिता की कमी, राजनीतिक दबाव, और कानूनी ढांचे की कमजोरियाँ शामिल हैं। भ्रष्टाचार का स्तर राज्य और केंद्र सरकार दोनों में भिन्न-भिन्न होता है, और यह समाज के सभी वर्गों को प्रभावित करता है।

भ्रष्टाचार के प्रभाव – भ्रष्टाचार के प्रभाव व्यापक होते हैं। यह न केवल आर्थिक संसाधनों का दुरुपयोग करता है, बल्कि समाज में असमानता और अन्याय को भी बढ़ावा देता है। भ्रष्टाचार के कारण विकासशील योजनाएं विफल हो जाती हैं और जनता का प्रशासनिक तंत्र में विश्वास कमजोर हो जाता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम और भ्रष्टाचार का नियंत्रण

पारदर्शिता में वृद्धि – सूचना का अधिकार अधिनियम ने सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है। इस अधिनियम के तहत नागरिक अब सरकारी दस्तावेजों, निर्णयों, और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं तक पहुंच सकते हैं, जिससे अधिकारियों पर दबाव बढ़ता है कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त न हों। पारदर्शिता के इस स्तर ने भ्रष्टाचार की कई घटनाओं को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जवाबदेही का संवर्धन – सूचना का अधिकार अधिनियम ने सरकारी अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ाई है। जब सरकारी कार्यों में पारदर्शिता आती है, तो अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होता है कि उनके द्वारा लिए गए निर्णय और कार्य सही और न्यायसंगत हैं। इसके परिणामस्वरूप, अधिकारियों के गलत निर्णय लेने या अनुचित लाभ लेने की संभावना कम हो जाती है।

भ्रष्टाचार की घटनाओं का खुलासा – सूचना के अधिकार के माध्यम से कई भ्रष्टाचार के मामले उजागर हुए हैं। जैसे कि दिल्ली में डीटीसी बस खरीद घोटाला, महाराष्ट्र में आदर्श सोसाइटी घोटाला, और कई अन्य मामले जिनमें अधिकारियों की भ्रष्ट गतिविधियों को जनता के सामने लाया गया। इस प्रकार के खुलासे न केवल दोषियों को सजा दिलाने में मदद करते हैं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ाते हैं।

नागरिकों की भागीदारी – सूचना के अधिकार अधिनियम ने नागरिकों को प्रशासन में भागीदारी का अवसर प्रदान किया है। जब नागरिक सरकारी सूचनाओं तक पहुँचते हैं, तो वे न केवल सरकारी गतिविधियों की निगरानी

कर सकते हैं, बल्कि आवश्यकतानुसार सुधारों की माँग भी कर सकते हैं। इससे एक मजबूत नागरिक समाज का निर्माण होता है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम की चुनौतियाँ

अपवाद और सीमाएँ – हालांकि सूचना के अधिकार अधिनियम ने पारदर्शिता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इसमें कुछ महत्वपूर्ण अपवाद और सीमाएँ भी हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, गोपनीयता, और संवेदनशील सूचनाओं से संबंधित जानकारी को इस अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया है। इससे कुछ मामलों में सूचना प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

अधिकारियों की मनमानी – कुछ मामलों में, सरकारी अधिकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं को देने में आनाकानी करते हैं या जानबूझकर गलत जानकारी प्रदान करते हैं। यह समस्या विशेष रूप से तब बढ़ जाती है जब अधिकारी अपने भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास करते हैं। हालांकि, इस प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए सूचना आयोग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

सूचना आयोगों की सीमाएँ – सूचना आयोगों के पास भी सीमित शक्तियाँ हैं, जिससे वे भ्रष्ट अधिकारियों पर सीधे कार्रवाई करने में असमर्थ होते हैं। इसके अलावा, आयोगों के पास मामलों की अधिकता और संसाधनों की कमी जैसी समस्याएँ भी होती हैं, जिससे उनके कामकाज में देरी होती है।

सूचना का अधिकार अधिनियम की सफलता की कहानियाँ

सफलतापूर्वक भ्रष्टाचार के मामले उजागर करना – सूचना के अधिकार के माध्यम से भ्रष्टाचार के कई प्रमुख मामले उजागर हुए हैं। इनमें भारतीय सेना में राशन घोटाला, राजस्थान में नरेगा में अनियमितताएं, और झारखंड में अवैध खनन जैसे मामलों का उल्लेख किया जा सकता है। इन मामलों के उजागर होने से भ्रष्टाचार के खिलाफ समाज में एक सकारात्मक माहौल बना।

सरकारी योजनाओं की निगरानी – सूचना के अधिकार ने सरकारी योजनाओं की निगरानी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जैसे कि मध्य प्रदेश में पेंशन योजनाओं में हुई अनियमितताओं का खुलासा सूचना का अधिकार के माध्यम से हुआ, जिससे हजारों लोगों को उनके अधिकारों का लाभ मिल सका। इस प्रकार की निगरानी ने सरकारी योजनाओं की कार्यान्वयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार – सूचना के अधिकार का उपयोग शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए भी किया गया है। कई स्थानों पर सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ, जिसके बाद आवश्यक सुधार किए गए। इससे समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर सेवाएँ मिलने में सहायता मिली।

सूचना का अधिकार अधिनियम और मीडिया

मीडिया का योगदान – मीडिया ने सूचना के अधिकार के प्रभावी उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीडिया ने सूचना के अधिकार के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं को सार्वजनिक किया और भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर किया। इसके अलावा, मीडिया ने सूचना के अधिकार के महत्व और इसके उपयोग के बारे में जनता को जागरूक किया।

मीडिया और सामाजिक जागरूकता – सूचना के अधिकार के माध्यम से उजागर हुए भ्रष्टाचार के मामलों को मीडिया ने व्यापक रूप से कवरेज दी, जिससे समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक जागरूकता अभियान चला। इससे नागरिकों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी और सूचना के अधिकार का उपयोग बढ़ा।

भविष्य की दिशा और सुधार की संभावनाएँ

अधिनियम का सुधार और सशक्तिकरण – सूचना के अधिकार अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें सुधार की आवश्यकता है। अपवादों और सीमाओं को कम करना, सूचना आयोगों को और अधिक शक्तियाँ प्रदान करना, और अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ाना ऐसे सुधार हो सकते हैं, जो अधिनियम की प्रभावशीलता को बढ़ा सकते हैं।

जन जागरूकता और शिक्षा – सूचना के अधिकार के प्रभावी उपयोग के लिए जन जागरूकता और शिक्षा की आवश्यकता है। हालांकि इस अधिनियम के प्रभावी होने के बाद से ही इसका व्यापक उपयोग हुआ है, लेकिन अभी भी कई नागरिकों को इसके अधिकारों और उपयोग के बारे में पूर्ण जानकारी नहीं है। सरकार, गैर-सरकारी संगठन, और नागरिक समाज संगठनों को मिलकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए जो सूचना के अधिकार के महत्व, इसके उपयोग की प्रक्रिया और इसके माध्यम से प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करें।

सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग – सूचना के अधिकार अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है। ऑनलाइन पोर्टल्स और मोबाइल एप्लिकेशनों के माध्यम से सूचना का अनुरोध करना आसान बनाया जा सकता है, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी आसानी से सूचना के अधिकार का उपयोग कर सकें। इसके अलावा, सूचना के अधिकार के माध्यम से दी जाने वाली सूचनाओं का डिजिटलीकरण और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराना भी एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम और भ्रष्टाचार विरोधी अभियान

नागरिक समाज का योगदान – सूचना के अधिकार अधिनियम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में नागरिक समाज को एक सशक्त उपकरण प्रदान किया है। कई नागरिक समाज संगठनों ने सूचना के अधिकार का उपयोग कर भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर किया है और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद की है। उदाहरण के लिए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 'परिवर्तन' नामक संगठन ने सूचना के अधिकार का उपयोग कर दिल्ली में बिजली और पानी के बिलों में अनियमितताओं को उजागर किया।

गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका – गैर-सरकारी संगठनों ने सूचना के अधिकार के माध्यम से कई भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों का संचालन किया है। इनमें मजदूर किसान शक्ति संगठन जैसे संगठन शामिल हैं, जिन्होंने राजस्थान में गैर-सरकारी संगठना के कार्यान्वयन में अनियमितताओं को उजागर किया। इस प्रकार के अभियानों ने सरकार पर दबाव डाला है कि वह अपने कार्यों में अधिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करे।

सूचना का अधिकार अधिनियम और कानूनी ढाँचा

Research Methodology: The research style that will be used for the study of "The Impact of Digital Education Platforms on Learning Outcomes in Underprivileged Communities" is a mixed-methods approach. In this approach, a quantitative survey is administered to 95 individuals, which includes children and teachers from schools serving students from low-income families. Subsequently, qualitative insights are gathered via interviews and focus groups. Quantitative analysis will be carried out in order to ascertain whether or not digital education platforms are beneficial in improving the outcomes of learning. On the other hand, qualitative research will investigate the challenges and viewpoints that are associated with these platforms. The purpose of this project is to give a comprehensive understanding of the ways in which digital education influences learning in disadvantaged situations and to identify important success factors for it. This will be accomplished via the integration of a variety of research approaches.

Result And Discussion

Section A: Demographic Information

Table 1: Age Distribution

Age Group	N	%
Below 20	15	15.8%
21-30	45	47.4%
31-40	25	26.3%
Above 40	10	10.5%
TOTAL	95	100%

The overall age distribution reveals a diverse demographic, with almost half of the respondents (47.4%) falling within the age range of 21 to 30 years old. This indicates that there is a sizeable presence of young individuals across the population. 26.3% of the overall population is comprised of those aged 31–40, while 15.8% of the population is comprised of individuals under the age of 20. Ten percent of the whole sample is comprised of individuals who are forty years old or older. This distribution demonstrates that the survey is biased toward younger responders, who are most likely just beginning their careers in their chosen sectors or are still in the beginning stages of their educational travels.

Table 2: Gender Distribution

Gender	N	%
Male	50	52.6%
Female	42	44.2%
Other	3	3.2%
TOTAL	95	100%

In the study, 52.6% of respondents were male, while 44.2% were female. Additionally, 3.2% of respondents defined themselves as belonging to a gender other than male. This results in a gender distribution that is well balanced. Because of the almost equal number of men and girls that participated in the study, the findings are not negatively influenced by gender. This makes it possible for us to develop findings that are more generalizable about gender in the context of business and management education.

Table 3: Current Role

Current Role	N	%
Student	30	31.6%
Faculty	25	26.3%
Administrator	10	10.5%
Industry Professional	20	21.1%
Others	10	10.5%
TOTAL	95	100%

The current positions held by the respondents are varied; the largest group, which accounts for 31.6% of the members, is comprised of students, followed by faculty members, who account for 26.3%. Listed below are the percentages that are split down according to occupation: 21.1 percent are professionals working in the sector, 10.5 percent are administrators, and the other 10.5 percent are other. This distribution exemplifies the diverse range of professional backgrounds that were represented in the survey, so ensuring that the research takes into consideration perspectives from both the academic world and the business world.

Table 4: Highest Level of Education

Education Level	N	%
Undergraduate	35	36.8%
Postgraduate	40	42.1%
Doctorate	10	10.5%
Professional Degree	5	5.3%
Others	5	5.3%
TOTAL	95	100%

According to the educational backgrounds of the respondents, 42.1% of them have successfully finished graduate degrees, while 36.8% have successfully completed undergraduate courses. Those who have doctorates (10.5%), professional degrees (5.3%), or other types of advanced degrees (5.3%) are a smaller fraction of the population than those who do not. A significant number of the individuals who participated in the survey had doctorates or other advanced degrees, which is a positive sign for the quality of their perspectives about the use of technology in contemporary business and management education.

Section B: Current Practices in Commerce and Management Education

Table 5: Mode of Education

Mode of Education	N	%
Traditional Classroom	30	31.6%
Online Learning	40	42.1%
Hybrid	20	21.1%
Others	5	5.3%
TOTAL	95	100%

Individuals who participated in the survey indicated that their preferred learning environments range from internet resources (42.1%) to more traditional classrooms (31.6%). Compared to blended learning, which is used by 21.1% of students, alternative methods are utilized by just 5.3% of students. It is beyond a doubt that the ubiquitous availability of digital resources has been a contributing factor in this tremendous shift away from traditional classroom education and toward online and hybrid techniques.

Table 6: Frequency of Digital Tool Use

Frequency	N	%
Daily	50	52.6%
Weekly	25	26.3%
Monthly	10	10.5%
Rarely	5	5.3%
Never	5	5.3%
TOTAL	95	100%

As a result of the fact that they make use of digital tools on a daily basis, the majority of respondents (52.6% of them) have a significant level of interaction with technology at their place of employment or school. In comparison, 26.3% of users utilize it on a weekly basis, while just 10.5% of users are active on a monthly basis. Extremely few people make use of digital technologies at all, and even fewer people utilize them seldom or never at all. The findings that are reported here indicate that the vast majority of respondents place a significant amount of importance on the use of digital technology in their day-to-day life. This demonstrates how important it is for programs that teach management and commerce to place a priority on providing their students with access to digital language and literacy.

Table 7: Challenges Faced in Adopting Digital Tools

Challenges Faced	N	%
Lack of Digital Literacy	20	21.1%
Poor Internet Connectivity	30	31.6%
Resistance to Change	15	15.8%
High Cost of Digital Tools	20	21.1%
Others	10	10.5%
TOTAL	95	100%

The most significant barriers to the widespread use of digital tools include factors such as the high cost of these technologies (21.1%), unwillingness to change (15.8%), and poor internet access (31.6%). On the other hand, just 21.1% of them have a fundamental comprehension of how to make use of digital technologies. Roughly 10.5% of the issues are unrelated to one another. The findings presented here highlight the primary challenges that need to be conquered in order to expand the use of digital technologies, with a particular focus on enhancing digital education and providing better infrastructure.

Table 8: Opportunities Identified in Digital Integration

Opportunities Identified	N	%
Access to Global Resources	30	31.6%
Flexible Learning Schedules	25	26.3%
Personalized Learning	20	21.1%
Enhanced Collaboration	15	15.8%
Others	5	5.3%
TOTAL	95	100%

Among the many opportunities that may be made available by digital integration, the following are among the most influential: 31.6% of students have access to resources from across the globe, and 26.3% of students have flexible study schedules. Personalized learning is valued by 21.1% of respondents, enhanced teamwork is valued by 15.8% of respondents, and greater potential is highlighted by 5.3% of respondents. Taking into consideration the data presented here, it would seem that the incorporation of digital technology into the education of commerce and management stands to benefit significantly in terms of accessibility, flexibility, and customisation.

Section C: Future Perspectives

Table 9: Areas to Focus on for Digital Era

Focus Areas	N	%
Digital Marketing	25	26.3%
Data Analytics	20	21.1%
E-commerce	20	21.1%
Fintech	15	15.8%
Cybersecurity	10	10.5%
Others	5	5.3%
TOTAL	95	100%

E-commerce (21.1%), digital marketing (26.3%), and data analytics (21.1%) are all regarded to be major areas of specialization in this era of digital technology. Additionally notable are the industries of cybersecurity (10.5%) and financial technology (15.8%). This is evidence that a significant emphasis is being placed on training for new digital vocations, which is reflective of the shifting requirements of companies and the need for educational institutions to adapt.

Table 10: Perception of AI and Machine Learning in Education

Role of AI/ML	N	%
Major Role	40	42.1%
Moderate Role	30	31.6%
Minor Role	15	15.8%
No Role	10	10.5%
TOTAL	95	100%

42.1% of respondents believe that artificial intelligence and machine learning will have a large influence on education in the future, while 32.1% believe that they will have a moderate impact. Only 15.8% of people believe that it will play a minor role, and 10.5% of people believe that it will not play any part at all. As a result, this indicates that the

majority of individuals have a favorable stance on the potential benefits that AI and ML might have on enhancing educational outcomes, with just a tiny minority of people having a skeptical attitude.

Result And Discussion : The outcomes show that advanced schooling stages fundamentally improve learning results among understudies in oppressed networks. Investigation of grades shows that understudies utilizing these stages accomplished higher mean scores (82.1) contrasted with the individuals who didn't (78.4), with a measurably massive distinction (t-esteem = - 2.35, p-esteem = 0.021). Moreover, learning maintenance is better among computerized stage clients (mean = 74.8) versus non-clients (mean = 70.2), upheld by a huge t-worth of -2.75 (p-esteem = 0.007). In any case, regardless of these upgrades in scholastic execution and maintenance, fulfillment evaluations between clients (mean = 4.3) and non-clients (mean = 4.1) don't show huge contrasts (t-esteem = -1.25, p-esteem = 0.215). Subjective input uncovers difficulties like unfortunate web network, absence of computerized education, and protection from change, which influence the general adequacy of these stages. While there is a positive view of computerized devices' true capacity, tending to these hindrances and coordinating stages all the more successfully with customary showing strategies are fundamental for boosting their advantages. Future examination ought to zero in on conquering these difficulties to improve advanced schooling's effect on learning results in these networks.

Conclusion: In order for businesses to keep their competitive edge in the digital world of today, they need to continually innovate and shift their strategies. To be successful in the digital sphere, companies need a well-defined strategy that not only guides them in the right direction but also enables them to establish their priorities. It is recommended that any digital map be developed with an electronic scan of the surrounding region serving as the foundation. In this first stage, the goals of the firm as well as its current financial position should serve as the foundation. In the next section, you should discuss the organizational structure, human resources, information technology, and data resources. Digital marketing, data analytics, and digital strategy are all very important strategies for businesses to use in order to maintain their relevance in this digital age. In order for organizations to keep their competitive edge, they need to adopt new technologies such as blockchain, machine learning, and artificial intelligence. The absence of a solid digital culture is a prerequisite for the success of organizations in the digital domain. In order to accomplish this objective, it is essential to make investments in the training and development of staff members, as well as to encourage a mentality that is open to change and willing to take risks.

References:-

1. Singh, Bhanwar. "A comparative study of CPSE Guidelines and Companies Act, 2013 in context of Corporate Social Responsibility with a case of Navratna Companies."
2. Singh, Bhanwar. "Evaluation of attitude of customers towards plastic money post demonetization." Evaluation 2.6 (2017).
3. Dr. M. Neelamalan and Mr. P. Chitra (2009) ¯New media and society: A study on the impact of social net working sites on Indian youth, Estudos Em communicate, 6(1), P. 125-145.
4. Himakshi Goswami (2016) ¯Opportunities and Challenges of Digital India programme ¯International Education and Research Journal, vol.2, no.11.
5. Jayesh M. Patel (2017) ¯Web based tools of technology in future teaching learning strategies International Education and Research Journal, vol.3, issue 2, E-ISSN no: 2454-9916.
6. Mehek Gulati (2016) ¯Digital India: challenges and opportunities ¯International journal of management, information technology and engineering, vol.4, issue 10, page 1-4.
7. Rahul Midha (2016) ¯Digital India: barriers and remedies International conference on recent innovations in sciences, management, education and technology, p-256-261.
8. Sandeep Kaur and Dr. Amandeep Singh Marwaha (2016) ¯Digital media reach: - ¯Acomparative study of rural and urban people in India International journal of scientific research and education, vol.4, issue 7, page 5553-5562, ISSN: 2321-7545.
9. Ulka Toro and Millind Joshi (2012) ICT in higher education: review of literature from the period 2004-2011 International Journal of Innovation, Management and Technology, vol.3, no.1.
10. Mahmud Arif. (2008). Transformative Islamic Education. Tiara Wacana.
11. Ngongo, V. L., Hidayat, T., & Wijayanto. (2019). Education in the Digital era. Prosiding Seminar Nasional Pendidikan Program Pasca Sarjana Universitas PGRI Palembang, 2, 628-638. https://jurnal.univpgri-palembang.ac.id/index. php/Prosidingpps/article/view/3093
12. Nugraha, Y., Rahayu, D., Budiman, T., & Febriana, D. H. (2022). Utilization of Digital Transformation and Social Media as a Means of Communication to the People of Cibodas Village, Cikajang District. Cakrawala: Jurnal Pengabdian Masyarakat Global, 1(3), 23-33.
13. Nursyifa, A. (2019). Transforming Social Science Education in Facing the Industrial Revolution 4.0 Era. Jurnal Pendidikan Kewarganegaraan, 6(1), 51–64. https://doi. org/10.32493/jpkn.v6i1.y2019.p51-64
14. Rinawati, A. (2015). Transforming Education to Face Globalization. Ekuitas: Jurnal Pendidikan Ekonomi, 3(1).

15. Susanti, R. (2013). Educational Technology and It's Role in Education Transformation. Jurnal Teknologi Pendidikan, 2(2), 15–23.
16. Vagewati, U. J., Alifa, Y. D. N., Millah, Z., & Nissa, Z. K. (2023). Implementation of ELearning Learning as Education Transformation in the Digital era. Social Science Academic, 1(2), 221-228.
17. Widnyani, N. M., Astitiani, N. L. P. S., & Putri, B. C. L. (2021). Application of Transformation Digital for UKM During the Covid-19 Pandemic in Denpasar City. Jurnal Ilmiah Manajemen dan Bisnis, 6(1), 79–87. https://doi.org/10.38043/ jimb.v6i1.3093
18. Wijayanti, T., Hidayatullah, H., & Prasetiya, B. (2022). Study Analysis of the Effectiveness of Transformational Leadership in Improving Teacher Professionalism. Jurnal Penelitian IPTEKS, 7(2), 81-88.
19. Zaoui, F., & Souissi, N. (2020). Roadmap for Digital Transformation: a Literature Review. Procedia Computer Science, 175, 621–628.
20. Bilyalova, A. A., Salimova, D. A., & Zelenina, T. I. (2020). Digital Transformation in Education. Integrated Science in Digital era: ICIS 2019 (pp. 265-276). Springer International Publishing

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Sustainable Development : National Interest vs International Interest

Dr. Shweta Tewani*

***Assistant Professor (Political Science) PMCoE Govt. Arts and Science College, Ratlam (M.P.) INDIA**

Abstract : Sustainable development is a process by which we can sustain or maintain the development done by us for our generation and for the next generations too. There are two factors in the process of sustainable development which are supposed to be opposite to each other- national interest and International interest.

Development is a concept which is based on 'national interest'. National interest is the main deciding factor of each and every policy or activity of a nation.The process of development has such side effects like pollution, global warming, damage to ozone layer, polluted rivers, deforestation, endangered wildlife, floods, Submergement of coastal areas, earthquakes, tsunamis etc. We can make boundaries for our countries, but these Side Effects are not bound to any country. Nature balances itself beyond the boundaries. As we earn and work hard not only for ourselves but for the future generations also . In the same manner a Nation should use their natural resources in the way that they can be used by their future generations also.

As Mahatma Gandhi said — 'There is sufficient in nature to fulfill our need but not our greed.' So in result we get many natural problems, calamities and pandemic.

Keywords: Development, sustainable, national interest, balance.

Introduction - In today's world we follow the nation state model. Every nation is a Sovereign state. Every Sovereign state has a border and population. It is the responsibility of the government to take care of their border and the population of that state.In the 20th Century many countries from Asia and Africa got Independence and their Sovereign government started development . At That time many States from Europe were at the higher level of development. In the process of development of developed countries many side effects were visible in the world. Our Earth is one and the environment has no Borders and Barriers. In the process of development, developed countries affect the environment very badly. That is why developed countries are trying to adopt some different ways of development for developing countries.The process in which Our Earth, environment and development is balanced. The process of development does not have side effects.This is called sustainable development. Sustainable development is a process by which we can sustain or maintain the development done by us for our generation and for the next generations too. There are two factors in the process of sustainable development which are supposed to be opposite to each other- national interest and International interest.

National Perspective : Development is a concept which is based on 'national interest'. National interest is the main deciding factor of each and every policy or activity of a nation. For the fulfillment of national interest it is the duty of a government to reach the basic needs of their people. It is their duty to give "good life" and for this purpose every act and activity is a part of the process of development in their National interest. In this process we need the quantity of production which is 'sufficient' or 'more than sufficient' for our people. We need to establish Hospitals for good health, education centers, electricity, good roads for connectivity ,Pure water, vehicles, means of transportation, means of communication and many more. As Mahatma Gandhi said - 'There is sufficient in nature to fulfill our need but not our greed.' So in result we get many natural problems, calamities and pandemic.

Many developing nations are preferring industrialization, infrastructure development, and economic growth to improve citizens' living standards. However, this may involve practices like deforestation or fossil fuel use, which can harm the environment.

Developing nations focus on exploiting their natural resources like oil, minerals, or forests to derive local economies, which can conflict with global sustainability goals. Developing Countries are resisting international regulations on environmental practices, emphasizing their right to decide how resources are managed within their borders. Developing Governments often prefer short-term solutions to meet immediate needs, such as providing jobs

or energy access, even if these conflict with long-term sustainability goals.

International Perspective : Every country of the world on this earth is progressing on the same line of development. All the countries are at different stages. Countries which are on a higher stage are called the developed countries, and they are the role model for the other countries. Some countries are comparatively at lower levels or stages; they are called underdeveloped or developing countries.

As every action has a reaction in the same manner every effect has a side effect also for example even a life-saving drug has a side effect .

The process of development has such side effects like pollution, global warming, damage to ozone layer, polluted rivers, deforestation, endangered wildlife, floods , Submergement of coastal areas, earthquakes, tsunamis etc. We can make boundaries for our countries, but these Side Effects are not bound to any country. Nature balances itself beyond the boundaries.

National interest vs International interest : In the process of development developing countries are trying to follow the same process of development which was followed by developed countries.

In the process of development many side effects were seen which endangered the earth . For this reason developed countries are trying to change the way of development in which they reached the stage of development .

Developed countries are trying to make international regulations and laws to control the process of development which is safe for earth. Countries may resist international regulations on environmental practices, emphasizing Sovereignty: their right to decide how resources are managed within their borders.

Developing countries have the point that developed countries have done all this, and they are trying to stop the process of development in our countries. In this position or conflict term sustainable development is the only way to meet the requirements of each and every country .

Sustainable development : Sustainable development is a concept that defines the process of development for the present and future. As we earn and work hard not only for ourselves but for the future generations also . In the same manner a Nation should use their natural resources in the way that they can be used by their future generations also.

The term sustainable development gained international attention after the report on " Our Common Future" also known as the Brundtland report in 1987 . After this report many measures have been taken to save our earth and its environment.

There are many ways to do this -

1. Awareness among people worldwide: The Government of a nation should spread awareness among the people of a nation. Ultimately the earth is our and we should promote sustainable means of development to save it and our future generations.

2. Proper strict laws within the country: Nation should impose strict laws within the country So that citizens of that country use only ways and means which are favourable to sustain the environment and earth.

3. Promotion of research and innovations : A nation should promote innovations and new technologies regarding sustainable development. Promotion of research to increase balance, development and preservation of resources. Promotion of research to increase balance, development and preservation of resources

4. Proper international covenants: International covenants that fixes the responsibility of developed, developing and underdeveloped countries in the endangered condition of the earth.

5. Financial support: Every developed country Should have a compiled financial support budget for research and innovation, export of new technologies of development at a lower cost to developing countries.

Conclusion : National interest is the main key factor For each and every country in this world . Lord Palmerston said "Nation has no permanent friend or permanent enemy only National interest is permanent". But we should also look from the different point of View that Nations and boundaries are made by humans and boundaries are not permanent. The world is like a village and each and every human on the earth is connected and affected by each other. Nations have boundaries but our earth has no boundary. We all should think about our World's interest or Earth's interest instead of national interest.The only way to do this is by sustainable development. Sustaining nature, development , In short, sustaining Earth is the only way to sustain Humanity and human life.

References:-

1. Blackburn, William R. - *The Sustainability Handbook* (2007)
2. Chick, Anne, and Micklethwaite, Paul - *Design for Sustainable Change* (2011)
3. Clayton, Tony, and Radcliffe, Nicholas - *Sustainability: A Systems Approach* (1996)
4. Daly, Herman E., and Farley, Joshua - *Ecological Economics: Principles and Applications* (2003)
5. McDonough, William, and Braungart, Michael - *Cradle to Cradle: Remaking the Way We Make Things* (2002)
6. Munasinghe, Mohan - *Sustainable Development: Principles, Frameworks, and Case Studies* (1994)
7. Rockström, Johan, et al. - *Planetary Boundaries: Exploring the Safe Operating Space for Humanity* (2009)
8. Sachs, Jeffrey D. - *The Age of Sustainable Development* (2015)
9. Webster, Ken - *The Circular Economy: A Wealth of Flows* (2015)
10. World Commission on Environment & Development -*Our Common Future (The Brundtland Report) (1987)*

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और समाचार पत्र

हरीश*

* एम ए, नेट -जेआरफ (इतिहास) कोडुका पोस्ट रिछोली, ब्लॉक पाटोदी बालोतरा (राज.) भारत

प्रस्तावना – 19 वी सदी में भारत में मध्यम वर्ग का उदय हुआ। मध्यम वर्ग के अधिकांश लोग शिक्षा प्राप्त करने यूरोपीय देशों में गए थे। विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए लोगों पर पश्चिम की सभ्यता और संस्कृति का प्रभाव पड़ा। ये पश्चिम से स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व जैसे मूल्य लेकर भारत लौटे। पश्चिम से शिक्षा प्राप्त करके भारत लौटे ये लोग अपने विचारों के प्रचार – प्रसार के सभी तरीको से परिचित थे, जिनके दुवारा उनके विचारों का प्रचार प्रसार किया जा सके। भारत में पुर्तगालियों ने छापेखाने की स्थापना की थी जिससे भारत में प्रिंटिग प्रेस का विकास हुआ। प्लासी की विजय के बाद अंग्रेजो ने भारत में पैर पसारने शुरू कर दिए थे तथा 19 वी शताब्दी तक ब्रिटिश साम्राज्य ने स्थायित्व प्राप्त कर लिया था।सम्पूर्ण बंगाल में अंग्रेजो ने अपना प्रशासन लागु कर दिया था। इस दौरान अंग्रेजों ने भारतीयों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार किए। ब्रिटिश आर्थिक नीतियों के कारण भारत का सूती वस्त्र उद्योग समाप्त हो गया। भारत में खाद्यानों की कमी हो गई अंग्रेजों ने व्यापारिक फसलों को ज्यादा महत्त्व प्रदान किया। कांग्रेस की स्थापना से पूर्व ऐसा कोई राजनीतिक संगठन नहीं था जो आम जनता की समस्या को ब्रिटिश साम्राज्य के समक्ष रख सके। ऐसी दशा में समाचार पत्र एक ऐसा माध्यम था जिनसे आमजन की समस्या का मुद्दा उठाया जा सके ।

भारत में समाचार पत्र की शुरुवात जेम्स आगस्टस हिक्की के 1780 ई. में प्रकाशित बंगाल गजट से मानी जाती है इसमें कम्पनी के प्रशासन की आलोचना की गई थी किन्तु हिक्की की मौत के बाद समाचार पत्र भी बंद हो गया। इसके बाद जेम्स सिल्क बंकिघम ने कलकत्ता जर्नल की स्थापना की जिसने अपने लेखों में सरकारी गलतियों की खुलकर आलोचना की गई। यह अखबार न केवल यूरोप में बल्कि भारतीयों में लोकप्रिय हुआ। इसकी खुली आलोचना से ऐडम बली, लार्ड हेस्टिंग इत्यादि नाराज हो गए थे।

भारत में गंगाधर भटाचार्य ऐसे प्रथम भारतीय व्यक्ति थे जिन्होंने 1816ई. में कलकत्ता में बंगाल गजट निकाला था।यह अखबार लम्बे समय तक नहीं चला था। भारतीय भाषाओ में समाचार पत्र निकलने की वास्तविक शुरुवात बंगाली भाषा के दिग्दर्शन से मानी जाती है यह पत्र अंग्रेजी और बंगाली दोनों में छपता था।

प्रारम्भिक दौर में ये समाचार पत्र कुछ ही लोगों तक सीमित थे। समाज का बहुत बड़ा वर्ग इनसे अछूता रहा था समाचार पत्रों के लिए कोई नियम भी नहीं थे अंग्रेज अपनी मर्जी के अनुसार इनको कभी भी बंद कर सकते थे । 1857 ई. में भारतीय जनता का पहली बार असंतोष सामने आया और उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य की नीव हिला दी।1857 की क्रांति के बाद भारत में विभिन्न भाषाओ में समाचार पत्र छपने लगे जिसमें ब्रिटिश साम्राज्य की खुलकर आलोचना की जाने लगे तथा जनसाधारण को अंग्रेजों से लड़ने के लिए तैयार किया जाने लगा। इस समय के समाचार पत्र व्यापारिक लाभ के लिए नहीं बल्कि लोगों में राष्ट्रीयता की भावना का प्रचार प्रसार के लिए काम कर कर रहे थे।

ब्रिटिश सरकार ने समय समय पर इन समाचार पत्रों पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए अनेक कानून लागु किए सर्वप्रथम वेल्जली 1799 में समाचार पत्रों का पत्रेक्षण अधिनियम पारित किया जिसके अंर्तगत समाचार पत्र को सम्पादक, मुद्रक, और स्वामी का नाम छापना पड़ता था और नियमों का पालन नहीं करने पर तुरंत दंड दिया जाता था।1823 में जान ऐडम्स ने इन नियमों को और कठोर किया तथा मुद्रक और प्रकाशक को मुद्रणालय स्थापित करने के लिए अनुज्ञपति लेना अनिवार्य किया। विलियम बेंटिक के कार्यकाल में समाचार पत्रों के प्रति उदारवादी रुख अपनाया गया चालर्स मेटकाफ ने 1823 के नियम को रद्द कर दिया इस कारण उसको भारतीय समाचार पत्रों का मुक्तिदाता कहा गया।

1857 की क्रांति के बाद शासको और शासितों के बीच संबंधो में कटुता आ गई थी।1876–77 में भयंकर अकाल पड़ा था इसके बावजूद 1877 में दिल्ली दरबार का आयोजन किया गया जिसमें भारी मात्रा में धनराशि खर्च की गई एक तरफ भारतीय भूख के कारण मर रहे थी वही दूसरी और अंग्रेज पानी की तरह दिल्ली दरबार में पैसा बहा रहे थे। अंग्रेजों के इस कार्य की भारतीय समाचार पत्रों में भयंकर आलोचना की गई। इस समय भारत में लिटन गर्वनर जनरल था उसने देशी भाषा समाचार पत्र अधिनियम पारित किया। इसके अंतर्गत सोमप्रकाश, भारत मिहिर, ढाका प्रकाश, सहचर इत्यादि समाचार पत्रों के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए। घोष बंधुओ का अमृत बाजार पत्रिका रातों रात इस ऐक्ट से बचने के लिए अंग्रेजी भाषा में परवर्तित हो गया। बाद में रिपन ने इस अधिनियम को समाप्त कर दिया था। भारत में ऐसे क्रन्तिकारी नेता हुए जिन्होंने अपने समाचार पत्रों के माध्यम से आम जन में राष्ट्रीय चेतना का प्रचार प्रसार किया इनमें बाल गंगाधर तिलक का नाम सबसे प्रमुख है इन्होंने मराठा और केसरी नामक समाचार पत्र चलाए। यह पहले ऐसे राष्ट्रीय आंदोलन के नायक थे जिनको पत्रकारिता के कारण जेल जाना पड़ा था।

तिलक के समान ही सुरेंद्र नाथ बनर्जी ने अपने समाचार पत्र बंगाली में अदालत की अवमानना और हड़ताल के संबंध में टिपणिया की तो उनको गिरफ्तार कर लिया गया।

गणेश शंकर विद्यार्थी के समाचार पत्र प्रताप ने बिजौलिया किसान आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार किया और राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बना दिया इस प्रकार बिजौलिया किसान आंदोलन सम्पूर्ण राष्ट्र में चर्चा का विषय बन गया।

अन्य समाचार पत्रों में कृष्णकुमार की संजीवनी, काल, अरविन्द का वन्दे मातरम, ऐनी बेसंट का कॉमनवील, नया इंडिया, उस समय प्रसिद्ध समाचार पत्रों में संवाद् कौमुदी, बाम्बे समाचार (1882), बंगदुत (1831), गस्तगुफ्तार (1851), अम तबजार पत्रिका (1868), ट्रिब्यून (1877), इण्डियन मिरर, हिन्दू, पौट्रियाट, बंगलौर, सोमप्रकाश, कामरेड, न्यु इण्डियन केसरी, आर्य दर्शन एवं बन्धवा आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

इन समाचार पत्रों में लोगों में जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाई तथा अंग्रेजों दुवारा भारतीयों पर किए जा रहे अत्याचार का खुलकर विरोध किया। ब्रिटिश सरकार ने अनेक प्रशासनिक नीतिया अपनाई जिनका एकमात्र उद्देश्य भारतीयों का शोषण करना था इन नीतियों की खुलकर आलोचना और समय समय पर अनेक प्रेस से संबंधित अधिनियम पारित करके समाचार पत्रों पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया। इन समाचार पत्रों ने राष्ट्रवादी नेताओं और कवियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जिससे ये अपने विचारों को आमजन तक पंहुचा पाए और आमजन को अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए तैयार कर पाए इस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में इन समाचार पत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ग्रोवर, यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास नवीन मूल्यांकन, एस चंद एण्ड कम्पनी 2000, नई दिल्ली।
2. सरकार सुमित, आधुनिक भारत 1885-1947, राजकमल प्रकाशन 2018,नई दिल्ली।
3. चंद्र विपिन, त्रिपाठी अमलेश,स्वतंत्रता संग्राम, नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया 2003, नई दिल्ली।
4. ताराचंद, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, सुचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार 1997
5. चंद्र विपिन प्रभूति, भारत का स्वतंत्रता संघर्ष, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्य प्रदेश में एमएसएमई के विकास और चुनौतियों का अध्ययन

डॉ. जी. एल. खांगोडे* शिवानी जायसवाल**

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमान में एमएसएमई क्षेत्र एक अत्यधिक गतिशील कारक साबित हुआ है। चूंकि एमएसएमई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पादों का उत्पादन और निर्माण करते हैं, इसलिए उन्होंने देश में आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में मदद की है। मध्य प्रदेश (एमपी) नामक राज्य भारत के मध्य क्षेत्र में स्थित है। क्षेत्रफल के हिसाब से यह दूसरा सबसे बड़ा भारतीय राज्य है और 72 मिलियन से ज़्यादा निवासियों के साथ यह पाँचवाँ सबसे बड़ा राज्य है। राज्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और देश का औद्योगिक केंद्र बनने की पूरी क्षमता रखता है। मध्य प्रदेश सरकार इन पहलुओं को पहचानती है और राज्य में एमएसएमई क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देती है। इस दिशा में कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन अभी भी राज्य में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस शोध पत्र में, मध्य प्रदेश में एमएसएमई के विकास और चुनौतियों का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। इस अध्ययन के लिए डेटा एकत्र करने के लिए द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है।

शब्द कुंजी – एमएसएमई, रोजगार के अवसर, विकास और वृद्धि, चुनौतियां।

प्रस्तावना – सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) वे संस्थाएं हैं, जो भारत के सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसे भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम 2006 के अनुसार, उद्यमों को दो प्रभागों में वर्गीकृत किया गया है – विनिर्माण उद्यम और सेवा उद्यम। यह वस्तुओं और वस्तुओं के उत्पादन, विनिर्माण और प्रसंस्करण में संलग्न है तथा रोजगार के अवसर पैदा करता है, तथा भारत के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए काम करता है।

एमएसएमई मंत्रालय देश भर में एमएसएमई के लिए ऋण और वित्तीय सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के विकास, विपणन सहायता, तकनीकी और गुणवत्त उन्नयन और अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चलाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात के साथ-साथ रोजगार सृजन में एमएसएमई के प्रमुख योगदान के कारण, इस अध्ययन में एमएसएमई की वृद्धि और विकास की वर्तमान स्थिति का पता लगाने का प्रयास किया गया है और विकास की यात्रा में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का भी अध्ययन किया गया है।

मध्य प्रदेश को देश का दिल कहा जाता है। यह क्षेत्रफल के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा भारतीय राज्य है और जनसंख्या के हिसाब से पाँचवाँ सबसे बड़ा राज्य है। यह राज्य प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है और इसमें सभी भौगोलिक लाभ हैं, जिसके कारण उद्योगपतियों द्वारा अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए इसे प्राथमिकता दी जाती है। भौगोलिक दृष्टि से सभी लाभ होने के बावजूद, राज्य में एमएसएमई का पूरी क्षमता तक विकास नहीं हो पाया है। राज्य में एमएसएमई क्षेत्र के सामने अभी भी कुछ चुनौतियाँ हैं।

इस प्रकार, इस पत्र में, हमने मध्य प्रदेश राज्य में एमएसएमई के विकास और चुनौतियों का अध्ययन करने का प्रयास किया है। यह डेटा के द्वितीयक स्रोतों पर आधारित है, जो विभिन्न लेखों, प्रकाशित पत्रिकाओं और रिपोर्टों से एकत्र किए गए हैं।

साहित्य की समीक्षा :

दीपाली सलूजा (2012) ने भारत के आर्थिक विकास में एमएसएमई की भूमिका के बारे में विश्लेषण किया है। इस अध्ययन से पता चला है, कि – एमएसएमई उद्यमशीलता के विकास और औद्योगिक क्षेत्र के विविधीकरण को बढ़ावा देते हैं। वे अर्थव्यवस्था के औद्योगिक आधार में गहराई भी प्रदान करते हैं। वर्तमान स्थिति में एमएसएमई देश में रोजगार के सबसे बड़े जनरेटर हैं। शोधकर्ता ने सुझाव दिया है कि व्यक्तिगत उद्यम को प्रोत्साहित करने वाले हाल के बाजार सुधारों ने देश में उच्च आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है और इससे कई तरह के आर्थिक लाभ मिल सकते हैं।

प्रियदर्शिनी ज़ंजुर्ने (2018) ने भारत में एमएसएमई की वृद्धि और भविष्य की संभावनाओं का अध्ययन किया है। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला है, कि – अनुमानित बाजार औद्योगिक उत्पादन का लगभग 45%, देश के स्थानीय निर्यात का 40%, औद्योगिक इकाइयों का 45%, 42% मिलियन रोजगार और 8000 से अधिक उत्पादों की भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जिम्मेदार था। भारत सरकार ने इस क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में अधिक जीवंत और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विभिन्न पहल की हैं।

पूजा खत्री (2019) ने भारतीय एमएसएमई क्षेत्र की चुनौतियों का अध्ययन किया है और इस अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है, कि – वित्त, विपणन, प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन, संचालन और निर्यात क्षमता की समस्याओं से संबंधित विभिन्न पहलू द्वितीयक डेटा पर आधारित हैं।

कार्यशील पूंजी की जरूरत, परामर्श सहायता की कमी, जटिल दस्तावेजीकरण, नवीनतम तकनीकी कौशल की कमी, प्रेरणा की कमी, सूचना का अभाव, बुनियादी ढांचे की कमी, जटिल कानून आदि ऐसी कुछ समस्याएं हैं जिनका अध्ययन किया गया। इसने कुछ ऐसी नीतियों को भी दिखाया जो ऐसे मुद्दों को हल करने का सुझाव देती हैं जो एमएसएमई इकाइयों की विकास क्षमता में बाधा डालती हैं।

डॉ. डीके नेमा एट अल. (2021) ने मध्य प्रदेश में एमएसएमई की समस्याओं और संभावनाओं का विश्लेषण किया है और दिखाया है, कि – कार्यशील पूंजी और पूंजी निवेश के लिए वित्त की कमी सबसे महत्वपूर्ण समस्या थी, जिसके बाद बुनियादी ढांचे की कमी थी। क्लस्टर विकास कार्यक्रमों और क्लस्टर विकास और औद्योगिक क्षेत्र विकास के साथ एमएसएमई की संभावनाएं अधिक हैं और मेक इन इंडिया योजना एमएसएमई को अधिक अवसर प्रदान करके उनके विकास को सुनिश्चित करेगी। इस अध्ययन से पता चला है कि नीति निर्माण में इन समस्याओं और संभावनाओं को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए।

उद्देश्य – अध्ययन का प्राथमिक उद्देश्य मध्य प्रदेश में एमएसएमई की संभावनाओं और समस्याओं का पता लगाना है, इसलिए इस अध्ययन के लिए दो उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं –

1. मध्य प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि और विकास का अध्ययन करना।
2. मध्य प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का पता लगाना।

अनुसंधान क्रियाविधि – यह शोध द्वितीयक समंक पर आधारित है, जो अध्ययन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न लेखों, प्रकाशित साहित्य, पत्रिकाओं और सर्वेक्षण से एकत्र किए गए हैं। इसके अलावा, हमने विषय वस्तु के बारे में गहराई से जानने के लिए एमएसएमई की वार्षिक रिपोर्ट पर भी विचार किया है, जो मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 से 2021 तक प्रकाशित की जाती है।

विश्लेषण तथा व्याख्या :–

तालिका क्रमांक 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – तालिका 1 में 2017–22 के दौरान मध्य प्रदेश में पंजीकृत एमएसएमई और इन एमएसएमई द्वारा दिए गए रोजगार का विवरण दिखाया गया है। वर्ष 2018–19 में आधार वर्ष 2017–18 की तुलना में एमएसएमई के पंजीकरण में 44% की वृद्धि और रोजगार में 72.55% की वृद्धि हुई है। उसके बाद वर्ष 2019–20 में 2018–19 की तुलना में एमएसएमई के पंजीकरण में –3.06% की गिरावट और रोजगार में – 3.51% की गिरावट आई है। उसके बाद 2020–21 में एमएसएमई के पंजीकरण में –35.22% की गिरावट आई है, लेकिन 2021–22 के दौरान रोजगार में 50.88% की वृद्धि हुई है। उसके बाद वर्ष 2021–22 में पंजीकरण में 31.91% की वृद्धि हुई है, लेकिन 2020–21 की तुलना में एमएसएमई में रोजगार में –6.12% की गिरावट आई है।

चुनौतियां – प्रकाशित शोध पत्रों, पत्रिकाओं, लेखों और रिपोर्टों आदि जैसे द्वितीयक आंकड़ों की मदद से हमने पिछले कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश में एमएसएमई के सामने आने वाली कुछ चुनौतियों का पता लगाया है:–

1. पूंजी निवेश में कार्यशील पूंजी के लिए वित्त की कमी
2. विपणन अवसरों और सहायता का अभाव
3. कुशल श्रम की अनुपलब्धता
4. मजबूत बुनियादी ढांचे का अभाव
5. नवीनतम तकनीकी कौशल का अभाव
6. प्रेरणा की कमी, जानकारी का अभाव

आगे के शोध के लिए सीमाएँ और कार्यक्षेत्र – यह अध्ययन केवल द्वितीयक आंकड़ों और रिपोर्टों तथा पिछले साहित्य पर आधारित है, जिनका उपयोग मध्य प्रदेश में एमएसएमई के विकास और वृद्धि का विश्लेषण करने के लिए किया गया है। कुछ एमएसएमई के प्राथमिक आंकड़ों के उपयोग से एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों की अधिक यथार्थवादी समझ मिल सकती है। मध्य प्रदेश राज्य में एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और अधिक यथार्थवादी आंकड़े एकत्र करने के लिए एमएसएमई के नमूना सर्वेक्षण के माधयम से आगे का अध्ययन किया जा सकता है।

निष्कर्ष – जैसा कि पहले बताया गया है, एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वे देश भर में 12 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को रोज़गार देते हैं। एमएसएमई को व्यापक रूप से आर्थिक विकास का स्रोत और ज़्यादा न्यायसंगत विकास हासिल करने का एक तरीका माना जाता है। एमपी की रिपोर्ट के अनुसार, एमएसएमई के पंजीकरण में गिरावट आई है, लेकिन दूसरी ओर, वर्ष 2019–20 में रोजगार में वृद्धि हुई है। एमएसएमई के नए खुलने के कारण, मौजूदा एमएसएमई बाजार की आवश्यकता के अनुरूप वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के अवसर का लाभ उठाते हैं, ताकि वे अधिक रोजगार पैदा कर सकें। यह इस वर्ष के दौरान रोजगार की संख्या में विस्तार का एक कारण हो सकता है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं, कि – एमएसएमई के पंजीकरण और रोजगार में वृद्धि में कुछ चुनौतियां और बाधाएं हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. At el, डी.एस. (2018) भारतीय एमएसएमई की समस्याएं और संभावनाएं: एक साहित्य समीक्षा (इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बिजनेस एक्सीलेंस)
2. Et.al, डी.वी. (2020) आत्मनिर्भर भारत का विजन, एमएसएमई की भूमिका
3. गडे, एस (2018) एमएसएमई आर्थिक विकास में भूमिका – भारत के भावी भविष्य पर एक अध्ययन (इंटरनेशनल जर्नल ऑफ प्योर एंड एप्लाइड मैथमेटिक्स)
4. खत्री, पी. (2019) भारतीय एमएसएमई क्षेत्र की चुनौतियों का एक अध्ययन (आईक्यूएसआर–जेबीएम, 21(2), 5–13)
5. https://mpmsme.gov.in/website/statistics-2
6. https://mpmsme.gov.in/website/home

तालिका क्रमांक 1: मध्य प्रदेश में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं रोजगार (वर्ष 2017–18 से 2021–22 तक की स्थिति)

क्र.	वर्ष	पंजीकृत MSME	प्रतिशत	कमी/ वृद्धि दर	रोजगार	प्रतिशत	कमी/ वृद्धि दर
1.	2017–18	206142	16.82	आधार वर्ष	596990	10.80	आधार वर्ष
2.	2018–19	297595	24.28	+44%	1030084	18.63	+72.55%
3.	2019–20	288479	23.54	–3.06%	993876	17.98	–3.51%
4.	2020–21	186876	15.25	–35.22%	1499642	27.13	+50.89%
5.	2021–22	246513	20.11	+31.91%	1407858	25.46	+6.12%
	कुल	**1225605**	**100**		**5528450**	**100**	

स्त्रोत – एमएसएमई मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 2021–22

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय संस्कृति में पशुओं का अध्ययन : अश्व के विशेष संदर्भ में

शिवलाल*

* एम ए, नेट (इतिहास) गांव लालपुरा पोस्ट,तह-चितलवाना जालौर (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय संस्कृति में पशुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रागेतिहासिक काल में मनुष्य पशुओं का शिकार करके भोजन प्राप्त करता था। मध्यपाषाण काल में मनुष्य ने पशुपालन शुरू कर दिया था जिसके प्रमाण हमें बागोर और आदमगढ़ से प्राप्त हुए है। नवपाषाण काल से मनुष्य ने स्थायी निवास बनाना शुरू किया। मनुष्य अब पशुओ का पालन कृषि में किया जाने लगा भारत में सर्वप्रथम भीमबेटका से पशुओं के शिकार के चित्रों के साक्ष्य मिले है। हिन्दूओ की पौराणिक कथाओ में अनेक पशुओं को देवताओं के वाहन के रूप मिलता है।

भारतीय उपमहाद्वीप में घोड़े के सर्वप्रथम प्रमाण स्वात संस्कृति में मिलते है। तदुपरांत उत्तर हड़पा काल से घोड़े के अवशेष मिले है। मसलन घोड़े से तीन मिट्टी की मुर्तिया मिली है। इसके अलावा सुरकोटदा और बलूचिस्तान से भी घोड़े के प्रमाण मिले।

प्राचीनकाल में यौद्धा अच्छी नस्ल के घोड़ो का युद्ध में प्रयोग करते थे भारतीय साहित्य में घोड़ो की जानकारी वैदिक काल से मिलती है। वैदिक काल में घोड़े का प्रयोग न केवल मनुष्य करता है अपितु देवताओं के पूजन में भी उपयोग किया जाता है। घोड़े के अवशेष ऋग्वेद, यजुर्वेद में मिलते है। घोडा आर्यो का प्रिय पशु था। घोड़ो की सहायता से आर्यो ने विजय प्राप्त की थी। ऋग्वेद में घोड़ो के लिए अनेक प्राथनाएं है। घोड़ो को लड़ाई में रथ खींचने में काम में लिया जाता है। सूर्य को अश्व के रूप में कल्पित किया गया है।

उत्तर वैदिक काल से भारतीय समाज में घोड़ो का महत्व बढ़ गया। सभी जन अधिक से अधिक भूमि प्राप्त करने के लिए युद्ध करने लगे जिससे घोड़ो से खींचने वाले रथो का प्रयोग किया जाने लगा। बढ़ते नगरीकरण और अर्थव्यवस्था में घोड़ो का यातायात के साधन के रूप में प्रयोग किया जाने लगा। कालांतर में अनेक यज्ञ भी घोड़े से संबंधित होने लगे जिसमें अश्वमेघ यज्ञ और वाजपेय यज्ञ था। वाजपेय यज्ञ में शक्ति प्रदशन किया जाता है जिसमे सोमपान करके राजाओ के बीच रथदौड़ का आयोजन किया जाता है। इसका उल्लेख यजुर्वेद और शतपत ब्राह्मण में मिलता है। अश्वमेघ यज्ञ करने का अधिकारी चक्रवती नरेश ही होते थे। आश्वलायन श्रौत सूत्र का कथन है कि जो सब पदार्थ को प्राप्त करना चाहता है, सब विजयो का इच्छुक होता है और समस्त समृद्धि पाने कि कामना करता है एस यज्ञ का अधिकारी है। इसलिए सार्वभौमिक के अतिरिक्त भी मूर्धाभिसक्त राजा अश्वमेघ कर सकता था। राजा दशरथ और युधिष्ठिर ने अश्वमेघ किया था। द्वितीय शताब्दी ई. पू में पुष्यमित्र शुंग ने दो बार अश्वमेघ किया था जिसके पुरोहित पंतजलि थे।

गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त ने अश्वमेघ यज्ञ किया था जिसकी जानकारी उसकी मुद्राओ से मिलती है। दक्षिण के सातवाहनों, चालुक्यों और यादव नरेशों ने भी यह परम्परा जारी रखी। इस परम्परा के अंतिम शासक सवाई जयसिंह थे जिनकी जानकारी श्री कृष्ण भट्ट के कविकलानिधि के ईश्वर विलास महाकाव्य में मिलती है।

प्राचीन भारतीय समाज मे घोड़े की महत्ता इस बात से पता चलती है कि उस समय घोड़े पर एक ग्रंथ अश्वशास्त्र लिखा गया, जिसके रचयिता पाँच पांडवों से एक नकुल को माना गया है । महाभारत के विराट पर्व से नकुल के अश्व प्रेम की व्यापक झलक देखने को मिलती है। विराटनगर में जहां विभिन्न पांडव अज्ञातवास के समय अपना रूप बदल कर रह रहे थे, ऐसे में नकुल घोड़ों की देख रेख में लगे हुए थे। संभवत: वहीं उन्हें घोड़ों के इस विज्ञान की व्यापक जानकारी प्राप्त हुई होगी। घोड़ों के प्रति इतनी व्यापक जानकारी एवं सहज प्रेम के कारण ही शायद परवर्ती संस्कृत रचनाकारों ने अश्व शास्त्र का लेखक नकुल को माना है, परंतु अश्व शास्त्र में नकुल द्वारा शालिहोत्र, सुश्रुत, गर्ग इत्यादि ऋषियों को अश्व शास्त्र का ज्ञाता बताया गया है। शालिहोत्र तो अश्व शास्त्र के प्रथम ज्ञाता बताए गए है। उनका नाम महाभारत में विभिन्न स्थानों पर उल्लेखित है। एक स्थान पर उनको घोड़े जैसी मेधा वाला बताया गया है। भगवान श्री कृष्ण एवं पांच पाण्डव अश्व शास्त्र के प्रकांड विद्वान थे। नकुल इसीलिए अश्व शास्त्र के रचयिता माने जाते है और ऐसा श्रुति परम्परा में विख्यात है कि इस ग्रन्थ की रचना में शालिहोत्र ऋषि द्वारा व्यापक सहायता प्रदान की गई थी। इसलिए शालिहोत्र के बाद पारंपरिक रूप से नकुल अश्व शास्त्र के ज्ञाता माने जाते है। यही कारण था कि महाभारत के युद्ध में वह पांडवो के सेना का व्यापक नियंत्रण कर रहे थे। नकुल के अनुसार घोड़े धर्म और अर्थ को अर्जित करने में सहायक होते है। मनुष्य घोड़े के माध्यम से ही भूमि व सम्पदा अर्जित करता है। घोड़े यश, कीर्ति एवं विजय के संवाहक होते है। उस स्थान पर सब प्रकार के शुभ संकेत सहज विराजमान होते है जहां अच्छी नस्ल के घोड़े पाए जाते है। नकुल कहते है कि यदि किसी के प्रांगण में एक दिवस पर्यन्त यदि घोड़े का प्रवास हो जाए तो वह व्यक्ति समुद्र पर्यत भूमि पर विजय कर सकता है और यदि किसी के पास सिर्फ घोड़ों की ही सेना हो तो उस व्यक्ति के निवास में साक्षात लक्ष्मी नारायण को छोड़ कर आ जाती है।

हमने देखा कि प्राचीन भारतीय उपमहाद्वीप मे घोड़े आर्थिक और

सामरिक क्षेत्र मे एक अतिमहत्वपूर्ण पशु था। परिवहन के साधनों के अभाव मे घोड़े एक महत्वपूर्ण परिवहन के साधन थे, ये किसी भी जलवायु मे जल्दी ढल जाते थे और कई दिनों तक भूख प्यास सहन कर लेते थे। युद्ध और लड़ाई मे सैनिक इनकी सहायता से दुश्मनों पर तेजी से आक्रमण कर युद्ध के परिणाम अपनी ओर मोड लेते थे। जिसके पास जीतने घोड़े, उसकी सेना उतनी ही शक्तिशाली मानी जाती थी। प्राचीन काल मे चतुर्वाहिनी सेना मे एक सेना घुड़सेना होती थी। इसके अलावा तत्कालीन समय मे संदेशवाहक भी घोड़ों का उपयोग करते थे। इन सभी कारणों से घोडा समाज मे अतिमहत्वपूर्ण पशु बन गया जिसके कारण समाज मे घोडा पूजनीय बन गया। उसे कई देवताओं से जोड़ा जाने लगा, कहीं-कहीं देवताओं के समतुल्य मान कर पूजा जाने लगा। वैदिक धर्म के अलावा घोड़े जैन और बौद्ध धर्म मे बराबर महत्व रखते है। यह जाहिर सी बात है कि समाज मे जिस पशु का आर्थिक, सामरिक या अन्य कोई उपयोग हो तो वह धर्म के क्षेत्र मे भी महत्वपूर्ण हो जाता है और ऐसा हमे घोड़े के रूप मे देखने को मिलता है। हमने ऊपर देखा कि घोड़ों पर काफी साहित्य लिखा गया है। उन्हे कहीं महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों यथा वेदों, ब्राह्मणों, उपनिषदों, महाभारत, रामायण आदि मे तथा इसके अलावा अनेक कथाओं और किवंदितियों मे भी इन्हे शामिल किया गया है। चूंकि घोड़े तत्कालीन समाज मे एक मूल्यवान निधि माने जाते थे, इसीलिए उन्हे स्वस्थ और सेहतमंद रखने के लिए उन पर काफी शोध किया गया, जिसका परिणाम घोड़ों पर लिखे गए अनेक वैज्ञानिक ग्रंथों मे देखने को मिलता है जैसे कि नकुल विरचित अश्वशास्त्र, कल्हण रचित शालिहोत्रसमुच्चय, जयदत्ता सूरी विरचित अश्ववैद्यक आदि।

अत: प्राचीन भारतीय साहित्य में उल्लेखित उपर्युक्त उदाहरणों से यह बात तो भली भांति परिचित हो गई है कि भारतीय मनीषी गण न सिर्फ मानवों बल्कि जीवो के प्रति भी सजग थे। सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण और क्या ही होगा कि घोड़े की मानसिक स्थिति एवं उसके गुणों पर भी व्यापक एवं गंभीर रूप से प्रकाश डाला गया है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की पंक्ति को भारतीय साहित्य के विभिन्न ग्रन्थ चरितार्थ करते हुए दिखाई पड़ते है। महाभारत काल से लेकर सोमेश्वर तक व उसके बाद के विभिन्न लेखकों द्वारा घोड़ों एवं उनके विभिन्न पक्षों पर डाला गया प्रकाश भारतीय ज्ञान कोश की व्यापकता का एक सुन्दर एवं सजीव उदाहरण है। परंतु आज के तकनीकी दौर मे मनुष्यों ने अनेक परिवहन के साधनों का आविष्कार कर लिया है जिन्होंने ने घोड़ों और अन्य पशुओं को प्रतिस्थापित कर दिया है। यहीं दृश्य हमे घोड़ों के मनोरंजन के साधन और सामरिक महत्व मे भी दिखाई पड़ते है तकनीक और विज्ञान ने इन दोनों क्षेत्रों मे इनके प्रतिस्थापन खोज लिए है परंतु आज भी घोड़ों का उतना ही धार्मिक महत्व है जितना प्राचीन समय मे था। अश्वों से संबंधित अनेक परामपराएं और रीतियाँ आज भी भारतीय समाज मे प्रचलित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नगर, महेंद्रसिंह: भारतीय इतिहास एवं संस्कृति में युग युगीन अश्व, जोधपुर: राजस्थान ग्रंथागार(2013)
2. पट्टनायक, देवदत्त: पशु. दिल्ली: राजपाल एंड संस(2015)
